हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 23 नवंबर 2024

तापमान
अधिकतम 30.4 डिग्री
न्यूनतम 12.6 डिग्री

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

शिविर में मौके पर 91 आवेदन किए निराकृत 12



टैक्स जमा करने लिखित में मांग रहे मोहलत 12




न्यु ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी

## खबर संक्षेप

### सट्टा खिलाने वाला धरा गया, भेजा गया जेल



**भिलाई।** नेवई पुलिस ने सट्टा-पट्टी के साथ गणेश चौक टंकी मरोदा निवासी जितेन्द्र सिंह उर्फ जीतू पिता धरम सिंह गौतम (33 वर्ष) को पकड़ा। उसके द्वारा टंकी मरोदा बाबा टी स्टाल के पास सट्टा-पट्टी लिखा जा रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। उसे गिरफ्तार किया। उसके पास से 2 नग सट्टा-पट्टी और 3130 रुपए जब्त किया। नेवई प्रभारी खगेन्द्र पठारे ने बताया कि अवैध सट्टा और नशाखोरी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। नियमित रूप से गश्त की जा रही है। संदिग्ध जगहों पर दबिश दी जा रही है। कार्रवाई के दौरान प्रधान आरक्षक सूरज पाण्डेय, आरक्षक रवि बिसाई, चंदन भास्कर, चितरंजन देवांगन की भूमिका सराहनीय रही।

### धारदार चाकू सहित युवक पकड़ाया

**भिलाई।** छावनी पुलिस ने आरोपी जे पवन उर्फ ब्रूसली निवासी सुंदरनगर केम्प-1 को एक धारदार चाकू के साथ पकड़ा है। आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। दुर्ग न्यायालय में उसे प्रस्तुत किया गया। जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी छावनी उपनिरीक्षक चेतन सिंह चंद्राकर के नेतृत्व में छावनी पुलिस के द्वारा गुरुवार की रात इस युवक को पकड़ा गया था।

### वृद्वजनों के लिए बन रहा आयुष्मान कार्ड

**भिलाई।** केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं में से एक महत्वपूर्ण योजना आयुष्मान कार्ड सभी परिवार के लिए बन रहा है। 70 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्वजनों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। नेहरू नगर वेस्ट सियान सदन में आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय स्वयं जाकर बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु प्रेरित किये। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल ने सभी 70 प्लस के महिला, पुरूष वृद्वजनों से अपील की है कि यह योजना केन्द्र सरकार द्वारा वृद्वो के लिए ईलाज में हो रहे तकलीफ को देखते हुए प्रधानमंत्री द्वारा लाया गया है। जिसका लाभ भिलाई क्षेत्र के बुजुर्ग ले रहे है।

खुलासा : जांच में मिले 10 अंत्योदय राशनकार्ड फर्जी

# आरटीई में फर्जी अंत्योदय राशन कार्ड से हथियाई गरीब बच्चों की सीटें

देवीलाल साहू ⏭ भिलाई

हरिभूमि पड़ताल

आरटीई में फर्जी अंत्योदय राशनकार्ड से एडमिशन हो रहे हैं। इसका खुलासा खाद्य विभाग की जांच में हुआ है।शुरूआती जांच में 10 बच्चों के पालकों ने फर्जी अंत्योदय राशनकार्ड लगाकर आरटीई की सीटें हथिया ली। आरटीई में 25 प्रतिशत निजी स्कूलों की सीटें सरकार ने इसलिए आरक्षित की है कि दुर्बल वर्ग के बच्चों की निःशुल्क पढ़ाई करवा सके। सरकार इस वर्ग के बच्चों को पढ़ाने के एवज में निजी स्कूलों को लाखों रुपए का भुगतान हर साल करती है। हैरत की बात यह है कि ये फर्जीवाड़ा का खेल विभागीय मिलीभगत के बिना संभव दिखाई नहीं देता।



### 850 बच्चों का अंत्योदय राशनकार्ड के आधार पर दाखिला

निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत निजी स्कूलों में दुर्बल वर्ग के परिवार के बच्चों को प्रवेश देना है। लेकिन उनकी सीटें प्रभावशाली लोग कूटरचना कर और फर्जी दस्तावेजों को बनवाकर हथिया रहे हैं। शिक्षा सत्र 2024-2025 में करीब 850 बच्चों को अंत्योदय राशनकार्ड के आधार पर प्रवेश दिया गया है। अंत्योदय राशनकार्ड फर्जी साबित होने के बाद अब इन सभी की जांच अनिवार्य हो गया है।

### इन बच्चों के पालकों का मिला फर्जी अंत्योदय राशनकार्ड

- राशनकार्ड क्रमांक 223788919649 आर कामिनी राव, आरटीई से प्रवेशित बच्चे का क्रमांक 201500566443
- राशनकार्ड क्रमांक 223790321 पी राधिका, आरटीई से प्रवेशित बच्चे का क्रमांक 201400623617
- राशनकार्ड क्रमांक 223783412936 खुर्शीदा खातून, आरटीई से प्रवेशित बच्चे का क्रमांक 2014006214878
- राशनकार्ड क्रमांक 223788621450 जानकी धीवर, आरटीई से प्रवेशित बच्चे का क्रमांक 201400614263
- राशनकार्ड क्रमांक 2237 88878725 अमर कौर,आरटीई से प्रवेशित बच्चे का क्रमांक 202400666650
- राशनकार्ड क्रमांक 223787278564 अंजू राजपूत, आरटीई से प्रवेशित बच्चे का क्रमांक 242400627065
- राशनकार्ड क्रमांक 223788414503 गुलारानी गोरम्मा, आरटीई से प्रवेशित बच्चे का क्रमांक 202400626218
- राशनकार्ड क्रमांक 223781312740 हेमा पारख, आरटीई से प्रवेशित बच्चे का क्रमांक 202400678230
- राशनकार्ड क्रमांक 223780332922 मैनेजरलाल, आरटीई से प्रवेशित बच्चे का क्रमांक 202400651166
- राशनकार्ड क्रमांक 223781564608 उर्मिला बाई,आरटीई से प्रवेशित बच्चे का क्रमांक 202400651420
- नोट- जिला खाद्य विभाग की जांच में इन राशन कार्डो का फर्जी होना सामने आया है।

### जानिए क्या है छत्तीसगढ़ सरकार का आदेश

**दुर्बल वर्ग सर्टिफिकेट अनिवार्य**
निःशुल्क अनिवार्य बाल शिक्षा के अधिकार अंतर्गत छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा द्वारा आदेश क्रमांक एफ 13-47/2010/20-3 दिनांक 3/2/2020 के माध्यम से अंत्योदय परिवार के बालकों के निजी विद्यालय के प्रवेश के लिए ये आदेश जारी किए हैं। जिसमें कहा गया है कि किसी विद्यालयों में प्रवेश हेतु दुर्बल वर्ग के परिवार का प्रमाण पत्र होना चाहिए तभी उस बच्चे को अंत्योदय राशनकार्ड के आधार पर प्रवेश दिया जाना है।

**लोक शिक्षण संचालनालय का कोई आदेश नहीं**
दुर्ग जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा शिक्षा सत्र 2024-2025 में निजी विद्यालयों में प्रवेश हेतु पालकों द्वारा प्रस्तुत अंत्योदय राशन कार्ड के आधार पर प्रवेश दिया है। अंत्योदय कार्ड के आधार पर प्रवेश देने हेतु लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर के द्वारा कोई लिखित आदेश नहीं प्रदाय किया गया है।

**बिना दुर्बल वर्ग सर्टिफिकेट के आवेदन किया अमान्य**
छत्तीसगढ़ राजपत्र में 28 जनवरी 2017 को प्रकाशित छत्तीसगढ़ राशन कार्ड नियम 2016 के प्रावधान 5 (3) के अनुसार अंत्योदय परिवार को अंत्योदय राशन कार्ड प्राप्त करने सक्षम प्रधिकारी द्वारा अंत्योदय परिवार होने का प्रमाण पत्र राशन कार्ड आवेदन के साथ संलग्न करना आवश्यक है। जिसे फालो नहीं किया गया।

### खाद्य विभाग व निगम में जानकारी नहीं

दुर्ग जिले स्थित निजी विद्यालय में अंत्योदय राशन कार्ड के प्रवेशित बालकों द्वारा प्रस्तुत 78 राशन कार्ड के संबंध में सूचना के अधिकार अंतर्गत दुर्ग कलेक्टर खाद्य विभाग तथा भिलाई नगर निगम से जानकारी मांगी गई। तो इन दोनों विभाग ने जानकारी उपलब्ध न होना बताया है।

एक ने मेकाहारा दूसरे ने जिला अस्पताल में दम तोड़ा

# जेल के दो बंदियों की मौत होगी मजिस्ट्रियल जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

केंद्रीय जेल दुर्ग में निरुद्ध दो विचाराधीन बंदियों की मौत हो गई। एक पिछले कुछ समय से मेकाहारा रायपुर में भर्ती था।

वह फरीदनगर भिलाई निवासी पिंटू नेताम बताया गया है। पिछले दिनों परिजनों ने उससे पुलिस द्वारा कथित रूप से मारपीट का आरोप लगाया था। हालांकि पुलिस ने इस प्रकार की किसी भी घटना से इंकार किया है, साथ ही कुछ लोगों द्वारा इस अफवाह को जानबूझकर फैलाने की बात कही है। इस मामले को लेकर ही दो दिन पहले स्मृतिनगर में जमकर हंगामा मचा। परिजनों ने पत्थरबाजी की, पुलिस अधिकारियों से दुर्व्यवहार किया, जिसके बाद पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा था। मृतक पिंटू लूट के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

एक अन्य घटना में बजरंग नगर कंडरापारा निवासी घनश्याम साहू (40 वर्ष) की मौत हो गई। उसे हाइपर टेंशन की शिकायत थी। तबीयत बिगड़ने के बाद जेल प्रहरियों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां शुक्रवार की सुबह उसकी मौत हो गई। प्रशासनिक अधिकारियों के मुताबिक दोनों ही मामले में मजिस्ट्रियल जांच होगी।

### पिंटू को 18 अक्टूबर को पुलिस ने किया था गिरफ्तार

जानकारी के मुताबिक मृतक पिंटू को पुलिस ने 18 अक्टूबर को उसके दो साथियों के साथ गिरफ्तार किया था। 15 नवंबर को ब्लड प्रेशर लो होने के बाद उसे जिला अस्पताल भर्ती कराया गया था। तबीयत में सुधार के बाद उसे पुनः जेल शिफ्ट किया गया। 17 को पुनः झटका (मिरगी) आने के बाद उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां से 19 नवंबर को उसे मेकाहारा शिफ्ट किया गया। जहां 21 नवंबर की शाम उसकी मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार ब्रेन स्ट्रोक की वजह से जान गई।

### घनश्याम था हत्या और प्राणघातक हमले का आरोपी

बजरंग नगर निवासी घनश्याम साहू हत्या और प्राणघातक हमले का आरोपी था। उसके विरुद्ध धारा 302, 307 के तहत अपराध विचाराधीन है। वह 20 फरवरी 2023 से जेल में निरुद्ध था। पुलिस ने बताया कि वह आदतन अपराधी था। उसके विरुद्ध पहले भी कई मामले दर्ज हैं। हाइपर टेंशन की शिकायत के बाद उसे उपचार के लिए पहले जेल हॉस्पिटल ले जाया गया, तबीयत में सुधार नहीं होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई।

### पिंटू के शरीर में चोट के निशान नहीं

पिंटू नेताम को जब जेल लाया गया था, तो उसके बाहरी शरीर में चोट के निशान नहीं थे। जेल में रहते हुए उसकी तबीयत बिगड़ी, इसके बाद उसे उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। जिला अस्पताल से ही मेकाहारा रिफर किया गया था। दूसरे मामले में घनश्याम को हाइपर टेंशन की शिकायत थी। उसे भी उपचार के लिए जिला अस्पताल भर्ती कराया गया था। डॉक्टरी रिपोर्ट के बाद कारणों का पता चल पाएगा।

**-मनीष संभाकर,** अधीक्षक केंद्रीय जेल दुर्ग

# 15 साल की बालिका से दुष्कर्म, 20 साल की सजा

**भिलाई।** दुर्ग के विशेष कोर्ट ने 15 साल की बालिका से दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी युवक को 20 साल सश्रम कारावास की सजा दी है। साथ ही 5 हजार रुपए अर्थदंड भी देना होगा।

मामले की पैरवी लोक अभियोजन संतोष कसार ने की। प्रकरण के मुताबिक आरोपी रजत सोनी अपने घर के पास रहने वाली 15 साल की बालिका के साथ जबर्दस्ती दुष्कर्म किया। प्रार्थी ने इसकी रिपोर्ट थाने में लिखाई। रिपोर्ट के मुताबिक आरोपी युवक का बालिका के घर आना-जाना इसलिए था कि आरोपी की बहन पीड़िता के पिता को राखी बांधती थी। 9 दिसंबर 2021 को आरोपी ने बालिका को दिन में बुलाया और डरा-धमकाकर दुष्कर्म किया। आरोपी ने डराया धमकाया कि वह उसे जब भी बुलाएगा आना पड़ेगा नहीं तो मुहल्ले में हल्ला कर देगा। दो बार और उसने संबंध बनाए तब पीड़िता ने जानकारी दी। कोर्ट ने पूरे मामले की सुनवाई के बाद कहा कि बालिका अवयस्क है इसलिए उसकी सहमति या असहमति का प्रश्न नहीं है। उसका विधि के तहत कोई महत्व नहीं है।

# कोर्ट ने की डॉ. खंडूजा की जमानत अर्जी खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई/दुर्ग

अपोलो बीएसआर हॉस्पिटल स्मृति नगर के पूर्व डॉयरेक्टर डॉ. एमके खंडूजा की जमानत याचिका पर सुनवाई जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रशांत परासर की अदालत में शुक्रवार को हुई। अदालत ने डॉ. खंडूजा की जमानत याचिका खारिज कर दी। आरोपी डॉ. खंडूजा के खिलाफ शिकायतकर्ता संतोष रूंगटा के अधिवक्ता राजकुमार तिवारी और पीड़ित बीएसपी कर्मी के अधिवक्ता जितेंद्र सिंह की दलील को कोर्ट ने स्वीकार किया और जमानत नहीं दी। पूरे मामले की सुनवाई से पहले ही कोर्ट में 27 रिटायर बीएसपी कर्मी भी पहुंचे थे जिनके लाखों रुपए डॉ. खंडूजा ने हड़प कर लिए हैं। उन्होने भी कोर्ट में अपना पक्ष रखकर डॉ. खंडूजा को जमानत नहीं देने की अपील कोर्ट में रखी।

## फरार होने की दलील पर कोर्ट ने नहीं दी जमानत

### आरोपी पक्ष के अधिवक्ता ने कोर्ट में ऐसे मांगी जमानत

अपोलो बीएसआर हॉस्पिटल स्मृति नगर के पूर्व डॉयरेक्टर डॉ. एमके खंडूजा को जमानत देने के लिए उनके अधिवक्ता अभिषेक सिंह ने कोर्ट में तीन आधार पर जमानत याचिका लगाई थी। उनका कहना था कि यह पूरा प्रकरण का नेचर सिविल केस का है। उसे गलत तरीके से पेश किया गया है। चीटिंग नहीं की गई बल्कि शिकायतकर्ताओं की सहमति से ही पैसा लेनदेन हुआ है इसलिए अपराधिक कृत्य नहीं है। दूसरा हाईकोर्ट ने इस मामले में आरोपी की पत्नी और उसके बेटे को जमानत दी है। तीसरा डॉ . खंडूजा का स्वास्थ्य खराब रहता है उन्हे इलाज की जरूरत है।



### शिकायतकर्ताओं के अधिवक्ता ने यह दी दलील

आरोपी डॉ. खंडूजा के खिलाफ शिकायतकर्ता संतोष रूंगटा के अधिवक्ता राजकुमार तिवारी ने न्यायालय में आरोपी के प्रस्तुत जमानत याचिका के बिंदुओं को क्रास किया। उन्होने कहा कि यह पूरा मामला सुनियोजित तरीके से की गई क्राइम का है। यदि क्राइम नहीं किया तो डॉ. खंडूजा को फरार होने की जरूरत ही नहीं थी। विवेचना अभी अधूरी है। आरोपी को जमानत दी गई तो समाज में गलत मैसेज जाएगा। आरोपी की पत्नी और बेटे को जमानत हाईकोर्ट से मिली तो वह अलग पार्ट है। बीमारी का इलाज जेल में भी बेहतर तरीके से वहां के डॉक्टर कर रहे हैं। जमानत दी गई तो डॉ. खंडूजा पकड़ में नहीं आएगा इसलिए कि एफआईआर के 30 महीने बाद वे पकड़े गए हैं।

### 27 रिटायर कर्मियों ने भी की आपत्ति

डॉ. खंडूजा ने 27 रिटायर बीएसपी कर्मियों से भी रकम ली और पैसे नहीं लौटाए। ऐसे लोग भी कोर्ट पहुंचे थे। रिटायर बीएसपी कर्मी मनमोहन श्रीवास्तव ने सीजेएम कोर्ट में परिवाद भी दायर किया है। परिवादी व पीड़ितों की ओर से अधिवक्ता जितेंद्र सिंह ने भी कोर्ट में डॉ. खंडूजा की जमानत याचिका पर आपत्ति की। उन्होने कोर्ट को बताया कि इन कर्मियों की गाढ़ी कमाई कैसे आरोपी ने हड़प ली।

नए नगर निगम आयुक्त पांडेय हर जोन में पहुंच रहे हैं अलसुबह

# जोन-2 व 3 के एसएलआरएम सेंटर और उद्यानों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सफाई, पानी, बिजली, नवनिर्माण, शौचालय जीर्णोद्धार, एस.एल.आर.एम सेंटर आदि का रोज सुबह 7:30 बजे से निरीक्षण करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय सभी जोन में दौरा कर रहें हैं। इसी तारतम्य में शुक्रवार जोन क्रमांक 3 मदर टेरेसा नगर क्षेत्र में निरीक्षण हेतु पहुंचे। तीनदर्शन मंदिर 18 नम्बर रोड डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन, सुभाष चैंक बीएसपी पानी टंकी के पास हमर क्लीनिक निर्माण, अम्बेडर नगर सुलभ शौचालय गुपचुप मोहल्ला में निर्मित सुलभ का अवलोकन, 18 नम्बर रोड बैकुण्ठधाम तालाब, एस.एल.आर.एम. सेंटर में कचरा सेग्रिगेशन का कार्य, छावनी चैंक पावर हाउस अंडरब्रिज, विवेकानंद उद्यान, सेक्टर -2 छट तालाब, फुटबाल ग्राउण्ड आदि का निरीक्षण किए।

आयुक्त दौरा करते-करते चंद्रा मोर्या चैंक अंडरब्रिज जल भराव क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचे। वहां की स्थिति पूर्व की भांति जल भराव की बनी रहती है। थोड़ा भी पानी गिर जाने से आने-जाने वाले को परेशानी होती है। जल भराव को देखते हुए मोटर पम्प से पानी लिफ्ट करके खाली करना पड़ता है। इसको देखते हुए उन्होने अभियंता बसंत साहू को कहा हर समस्या का समाधान हो सकता है, प्रयास करना पड़ता है। रेल्वे के संबंधित विभाग में संपर्क कर उनके अभियंता से मिले और मिलकर तकनीकी त्रुटि के कारण जो समस्या आ रही है। उसका निराकरण का समाधान खोजें।





### वैशालीनगर के सड़क, पानी, बिजली व निर्माण कार्यों का किया अवलोकन

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में हो रहे प्रमुख कार्य सड़क, पानी, उद्यान, निर्माण, बिजली, सफाई व्यवस्था देखने के लिए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय जोन क्रमांक दो वैशालीनगर पहुंचे। जोन क्रमांक 02 वैशाली नगर में विभिन्न जनकल्याणकारी कार्य संपादित किये जा रहे है। सभी कार्यो का अवलोकन करने के लिए आयुक्त वैशाली नगर जोन के विभिन्न वार्डो में भ्रमण किये। जिसमें सफाई व्यवस्था, पानी सप्लाई, बिजली व्यवस्था, निर्माण क्षेत्र में हो रहे कार्यो की प्रगति का अवलोकन किया। जोन आयुक्त येशा लहरे से संबंधित सभी जानकारी प्राप्त किये। सभी कार्य समय अवधि में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण हो यही प्राथमिकता होगी। कुरूद क्षेत्र में स्थित चंदुलाल चंद्राकर मेडिकल कालेज का पहुंच मार्ग को सीमेंटीकरण करने का प्रस्ताव जोन आयुक्त द्वारा रखा गया। उनके द्वारा बताया गया कि यह बहुत महत्वपूर्ण मार्ग है। मेडिकल कालेज में प्रतिदिन लगभग 200 से अधिक ओपीडी चलता है, बहुत सारे लोग ईलाज कराने जाते है। बहुत सारे गंभीर बिमारी से पीड़ति मरीज इस सड़क से गुजरते है, यह सड़क बारीश के समय बहुत जर्जर हो गया था, आने-जाने वाले लोगो को बहुत तकलीफ होती थी। इसलिए उसे डब्लू बी.एम. रोड बनाकर सुधार किया गया। अब वहां पर सी.सी. रोड निर्माण कर देने से सभी के लिए सुविधाजनक होगा, जो कचांदुर मार्ग लगभग 2300 मीटर का होगा। आयुक्त ने उसका प्रस्ताव बनाने को कहा, जो भी आवश्यक कार्य है उसे पूर्ण किया जाएगा। सफाई संबंधित व्यवस्था में एस.एल.आर.एम. सेंटर, ट्रेचिंग ग्राउण्ड, उद्यान, तालाब, पानी सप्लाई व्यवस्था आदि का वार्डो में जाकर निरीक्षण किये, आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये।

### पीएम आवास योजना शहरी 2.0 के लिए आवेदन शुरू

**भिलाई।** निगम भिलाई के प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 रैपिड असेसमेंट सर्वे हितग्राही सर्वेक्षण हेतु शिविर का आयोजन 15 नवम्बर 2024 से पांचों जोन कार्यालय में प्रारंभ किया गया है। शिविर के माध्यम से अब तक 62 हितग्राहियों का आवेदन प्राप्त हुआ है। नागरिको को इस योजना के बारे में एवं कौन-कौन से दस्तावेज जमा किया जाना है उसकी भी जानकारी दी जा रही है। प्रमुख दस्तावेज भूमि संबंधी दस्तावेज, आय प्रमाण पत्र (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी), जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड पूरे परिवार का, पेन कार्ड, बैंक पासबुक, राशन कार्ड अनिवार्य है। हितग्राही सभी दस्तावेज की छायाप्रति अपने पास अवश्य रखें। जिन हितग्राही के पास दिये गये दस्तावेज नहीं है वे शीघ्र ही बनवा लें।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## खबर संक्षेप



### आदिवासी ग्रामीणों को कंबल वितरण

**दुर्ग।** ज्येष्ठ नागरिक संघ पद्मनाभपुर के वरिष्ठ जनों के सहयोग से नक्सल प्रभावित धुर वन क्षेत्र के मध्य स्थित ग्राम सरोंधी तहसील छुईखदान जिला खैरागढ़ में आदिवासी ग्रामीणों को कम्बल एवं कपड़े वितरित किया गया। ज्येष्ठ नागरिक संघ द्वारा प्रति वर्ष विभिन्न वन क्षेत्रों के बैगा जनजाति तथा गोंड़ विगत 10 वर्षों से लगातार कम्बल मच्छरदानी एवं कपड़ों का वितरण किया जा रहा है । इस कार्यक्रम में ग्राम सरपंच राजेन्द्र कुमार मरावी का विशेष सहयोग रहा । संघ के अध्यक्ष देवकुमार मंडरिक, राजकुमार सिंह, सीएस पांडेय, राम पांडेय, केएन मूर्ति, प्रवीण उजवने, सुशील वामरे, चंद्रभूषण अग्रवाल एवं छबिलाल वर्मा का योगदान रहा ।

### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 29 को

**दुर्ग।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा जिले में नियोजक द्वारा उपलब्ध रिक्त पदों को भरने के लिए प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 29 नवम्बर को सुबह 10.30 बजे से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प में नियोजक स्क्वायर बिजनेस सर्विस प्राईवेट लिमिटेड में 250 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग के उप संचालक आरके कुर्रे के अनुसार इच्छुक आवेदक समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण एवं अंकसूची, पहचान पत्र, मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड के साथ उपस्थित हो सकते हैं।

### 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने दुर्घटना में घायल को 2 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्व सुर्य देव साहू आ रामशिरोमणि की विगत 01 जून 2024 को जीई सर्विस रोड बालाजी अस्पताल के पास ओवरब्रिज के बाजू कुम्हारी में हिट एण्ड रन मोटर दुर्घटना में घोर उपहति के कारण मृत्यु हो गयी थी। जिसके प्रतिकर के रूप में कलेक्टर द्वारा स्व सुर्य देव साहू के विधिक प्रतिनिधि मृतक के पिता रामशिरोमणि को 2 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### जरुरतमंदों को वितरित करेंगे निःशुल्क कंबल

**दुर्ग।** शहर में बढ़ती ठंड को देखते हुए भाजपा के पूर्व एल्डरमैन डॉ प्रतीक उमरे द्वारा जरूरतमंद लोगों के मदद की पहल करते हुए प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी निशुल्क कंबल वितरण अभियान प्रारंभ किया। श्री उमरे द्वारा विगत 5 वर्षों से जरूरतमंदों को निशुल्क कंबल वितरण किया जाता है ताकि गरीब परिवार भी ठंड में सुरक्षित रह सकें।

**नियुक्ति :** धान खरीदी के बीच प्राधिकृत अधिकारी की नियुक्ति से मिलेगी राहत

# जिले की 71 सोसायटियों में प्राधिकृत अधिकारियों की हुई ताजपोशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

धान खरीदी केन्द्रों में उत्पन्न अव्यवस्था के बीच राज्य शासन द्वारा अब सोसायटियसों में प्राधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई हैं। जिले के 87 में 71 सोसायटियों में नियुक्ति के लिए सहकारी संस्थाएं के डीआर द्वारा शुक्रवार को लिस्ट भी जारी कर दी गई हैं। इस लिस्ट के जारी होने के बाद धान खरीदी की पूरी प्रक्रिया प्राधिकृत अधिकारियों के कमान में होगी। जिससे किसानों को राहत भी मिलेगी।

जिले के 84 सोसायटी में 71 की सूची उप रजिस्ट्रार अवधेश मिश्रा ने जारी की हैं, वही शेष सोसायटियों के लिए दो से तीन दिन में सूची जारी होगी। उल्लेखनीय हैं कि, राज्य में भाजपा की सरकार आने के लंबे समय बाद भी सोसायटी में प्राधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति नही करने के लिए चर्चा चरम पर थी। पिछले लंबे समय से यहां बैंक के अधिकारी और सहकारिता विभाग के अफसरों को ओआईसी बनाया गया था। लेकिन शुक्रवार को राज्य शासन द्वारा सोसायटी में पंजीकृत सदस्य को ही प्राधिकृत अधिकारी बनाया है, ताकि वे किसानों की समस्या को निचली स्तर पर ही सुलझा सके। माना जा रहा है कि, जिले के 71 सोसायटियों में प्राधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति के बाद जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक में भी प्राधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति होगी। बहरहाल बैंक में प्राधिकृत अधिकारी कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी है।

**शेष तेरह सोसायटियों में त्रुटि मिलने के चलते रोकी गई नियुक्तियां**




**मिलेगी राहत**

राज्य शासन ने सोसायटी में किसानों के बीच के सदस्य को प्राधिकृत अधिकारी चुना है। धान खरीदी के बीच इस नियुक्ति से किसानों को राहत मिलेगी। -**विनायक ताम्रकार**, अध्यक्ष, जिला भाजपा किसान संगठन

### पांच-पांच नामों का भेजा गया था पैनल

जानकारी अनुसार राज्य शासन द्वारा एक माह पहले से ही सोसायटियों में प्राधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति को लेकर प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी। राज्य शासन के निर्देश के बाद जिले के 87 सोसासाटी में प्रत्येक सोसायटी के लिए पांच-पांच नामों का पैनल जिला भाजपा संगठन द्वारा सुझाया गया था। इसमें किसानों को सोसायटी में ऋणी सदस्य होना जरूरी था, वही वे डिफाल्टर तो नही है। इन सभी मापदंडों की पडताल राज्य शासन द्वारा कराई गई। जिसके बाद पांच नामों में एक नाम को प्राधिकृत अधिकारी के लिए चयनित कर सूची जारी कर दी गई हैं।

### सूची नही बल्कि, सोसायटी को पत्र जारी

जानकारों ने बताया कि, उप रजिस्ट्रार द्वारा सभी सोसायटियों का एक साथ सूची जारी नही किया है। बल्कि प्रत्येक सोसायटी को अलग-अलग नियुक्ति पत्र जारी किया है। जिसके चलते अधिकांश लोगों को प्राधिकृत अधिकारियों की जानकारी नही हो पाई हैं। बहरहाल दावा किया गया है कि, जिन्हें प्राधिकृत अधिकारी बनाया गया वो सोसायटी के ही किसान हैं। देखना हैं कि, इस नियुक्ति के बाद सोसायटी किस हद तक कसावट आती हैं। हरिभूमि को उतई और पाटन सोसायटी का नियुक्ति पत्र मिला, जिसमें सहकारिता निरिक्षक और पाटन में सहकारी विस्तार अधिकारी को प्राधिकृत बनाया हैं।

### कलेक्टर की नियुक्ति से मचा था बवाल

कुछ दिन पहले कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा सोसायटी में प्राधिकृत अधिकारियों की सूची जारी की गई थी। जिसमें उन्होने ग्राम पंचायत के सरपंचों को प्राधिकृत अधिकार बनाया था। उनके इस सूची के वायरल होने के बाद जमकर बवाल हुआ था। जिला भाजपा संगठन ने मंत्री केदार कश्यप से शिकायत की थी। संगठन के नेताओं ने बताया कि, कलेक्टर को सहकारिता में नियुक्ति का अधिकार ही नही हैं। इस बवाल के बाद कलेक्टर को दूसरे ही दिन अपनी ही सूची निरस्त करनी पडी थी।

# शिविर में मौके पर 91 आवेदन किए निराकृत



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले के पाटन विकासखंड के ग्राम घुघवा (क) में आज आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में विभिन्न विभागों को प्राप्त 144 आवेदनों में से मौके पर 91 आवेदन का निराकरण विभागीय अधिकारियों द्वारा किया गया। शेष 53 आवेदन के निराकरण के लिए समय सीमा निर्धारित की गई है। शिविर में शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, खाद्य, स्वास्थ्य, कृषि, उद्यानकी, मत्स्य, पशुपालन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, सहकारिता, जल संसाधन, पीएचई, विद्युत, समाज कल्याण, आयुष, जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, आदिम जाति जनजाति कल्याण, परिवहन, जिला योजना एवं सांख्यकी, अंत्याव्यवसायी, राजस्व विभाग के अधिकारियों ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इसी कड़ी में क्रेडा विभाग द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना हेतु आवेदन की प्रक्रिया बतायी गई और श्रम विभाग द्वारा श्रमिक बीमा, पंजीयन एवं छात्रवृत्ति योजना की जानकारी दी गई।

■ शासकीय योजनाओं से 55 हितग्राही लाभान्वित

शिविर में विभिन्न विभागों के संबंधित 55 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में शशांक शर्मा के नेतृत्व में युवोदय के सदस्यों ने स्वच्छता मिशन के अंतर्गत ग्रामीणों को हाथ धुलाई की प्रक्रिया से अवगत कराया। शिविर में उपस्थित जनसमुदाय को अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अरविंद एक्का ने स्वच्छता की शपथ दिलायी। शिविर में पुलिस विभाग की ओर से एएसपी सुखनंदन राठौर ने सायबर क्राइम एवं डिजिटल अरेस्ट से बचाव के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। शिविर में सांसद प्रतिनिधि राकेश चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष रामबाई सिन्हा एवं राजेश्वरी व अन्य जनपद सदस्य उपस्थित थे।

# टैक्स जमा करने लिखित में मांग रहे मोहलत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

टैक्स वसूली को लेकर निगम प्रशासन द्वारा सक्त कार्यवाही की जा रही हैं। शुक्रवार को नल कनेक्शन के बकायदारों को टैक्स पटाने कहा गया। जिस पर उनके द्वारा निगम से मोहलत मांगी गई है। जिसके चलते निगम ने सिर्फ चेतावनी दी हैं। निगम के कर्मियों द्वारा करदाताओं के घर-घर जाकर युद्ध स्तर पर कार्रवाई शुरू की गई है। नल कनेक्शन काटने नगर निगम का सख्त एक्शन तीन दिनों से लगातार जारी है। कई हितग्राहियों द्वारा लिखित में देकर नल कनेक्शन के कटने के भय से टैक्स जमा करने की मोहलत मांग रहे हैं।

■ बकायादारों के खिलाफ निगम ने शुरू किया अभियान



कमिश्नर सुमित अग्रवाल द्वारा सभी उप राजस्व निरीक्षक एवं सहायक राजस्व निरीक्षकों द्वारा डोर टू डोर वसूली अभियान में ड्यूटी लगाई गई है। नल कनेक्शन काटने की कार्यवाही भगवानदिन यादव पिता रामदुलारे यादव डिमांड नंबर 350654 वर्ष 2017-18 से अभी वर्तमान तक 133285 रुपया बकाया हैं। इसी तरह वार्ड 37 घनश्याम, कमलेश, सुरेश डिमांड नंबर 3700110 इनका वर्ष 2021/22 से अभी वर्तमान तक 62841 रुपया बकाया हैं। इनके द्वारा लिखित में जमा करने आश्वासन दिया गया। वार्ड 36 मीरा पाण्डेय पति गोविंद पाण्डेय डिमांड नंबर 360147 इनका वर्ष 2021/22 से अभी वर्तमान तक 2100055 रुपया बकाया हैं, इनके द्वारा 15 दिवस के भीतर जमा करने आश्वासन दिया गया। वार्ड 37 गिरधारी श्रीवास पिता गोपी श्रीवास डिमांड नंबर 3700435 वर्ष 2019 /20 से अभी वर्तमान तक 32537 रुपया बकाया हैं, घर पर ताला लगा था। उनसे फोन पर संपर्क किया गया। उनके द्वारा इस माह के आखरी तक जमा करने आश्वासन दिया गया। वही 62841 रुपए को किस्त में जमा करने की बात कही, जिसे लिखित में लिया गया। नल कनेक्शन विच्छेद की कार्यवाही करने के दौरान करदाता से लिखित में सोमवार को जमा करने की बात कही है।

### आटो चालक कल्याण संघ का फिर से हुआ गठन

**दुर्ग।** रेलवे स्टेशन परिसर में नवयुवक ऑटो चालक कल्याण समिति (पं.क्र.9203), रेलवे स्टेशन दुर्ग की वार्षिक बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष रीतादेव सिंह, उपाध्यक्ष चंदन सिंह, सचिव मुरारी सिंह, कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार तथा कार्यकारिणी सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए। सभी का निर्वाचन निर्वाचन सर्वसम्मति से निर्विरोध हुआ। बैठक में सभी पदाधिकारी व सदस्यों ने यातायात के नियमों का पूर्ण पालन करते हुए ऑटो रिक्शा के संचालन हेतु अपनी पूर्ण सहमति व्यक्त किये। सभी पदाधिकारियों ने अपने मार्गदर्शन से यात्रियों की सुरक्षा के साथ अच्छी सेवा को प्राथमिकता दी है।






# हमारा शौचालय-हमारा सम्मान अभियान में किए गए सम्मानित

**दुर्ग।** ग्राम पंचायत घुघवा (क), जनपद पंचायत पाटन में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। एडीएम श्री अरविंद एक्का ने हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान अंतर्गत शौचालय निर्माण कार्य पूर्ण कर चुके हितग्राहियों को प्रोत्साहन राशि का प्रतिकात्मक चेक प्रदान कर सम्मानित किया। जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे ने हितग्राहियों को शौचालय का नियमित उपयोग एवं ठोस व तरल अपशिष्ट का उचित प्रबंधन कर ग्राम में ओ.डी.एफ. प्लस के स्थायित्व को बनाए रखने हेतु अपील की गई। कार्यक्रम के दौरान शाला के विद्यार्थियों द्वारा हाथ धुलाई गतिविधि का प्रदर्शन किया गया एवं उपस्थित प्रतिभागियों को हाथ धोने के महत्व से अवगत कराया गया। ग्राम में स्वच्छता के क्षेत्र में कार्य कर रही कर्मा स्वच्छाग्राही, स्व-सहायता समूह को स्वच्छता कीट, एप्रान, दस्ताना आदि प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई।



### आवेदन 11 दिसंबर तक

**दुर्ग।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती किया जाना है। इसके अंतर्गत नपानि भिलाई के वार्ड 26 सुन्दर नगर कोहका-1 में आंगनबाड़ी सहायिका पद पर आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन पत्र भरकर निर्धारित तिथि में 27 नवम्बर से 11 दिसम्बर कार्यालय में जमा करने की दशा में आवेदन बंद लिफाफे में देना है।

## बिजनेस साइट

# बैंक ऑफ बड़ौदा ने किसान मेला का किया आयोजन



**भिलाई।** बैंक ऑफ बड़ौदा के किसान पखवाड़ा श्रृंखला में एक मेगा किसान मेला का आयोजन क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग द्वारा गुरुवार को बेमेतरा जिले में वृहद स्तर पर किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूह एवं किसानों द्वारा भाग लिया गया। इस भव्य मेले के मुख्य अतिथि थे मुंबई से आए मुख्य अतिथि राजेश मल्होत्रा। इनके अलावा इसमें बैंक ऑफ बड़ौदा के अंचल प्रमुख दिवाकर प्रसाद सिंह, भरत कुमार चावड़ा (उप महाप्रबंधक), क्षेत्रीय प्रमुख दुर्ग क्षेत्र अनंत माधव तथा बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकारी कर्मचारी सहित जिले के निष्ठावान उद्योगपति, किसान और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की गरिमामय उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में आए बैंक अतिथियों द्वारा अपने सम्बोधन में बैंक के विभिन्न उत्पाद जैसे बड़ौदा केसीसी, गोल्ड लोन, SHG, ट्रैक्टर लोन इत्यादि एवं बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी किसानों को दी गई। इस कार्यक्रम में जनता को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बैंक की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम के दौरान डॉ. संदीप भंडारकर, अधिष्ठाता(डीन), कृषि विश्वविद्यालय बेमेतरा ने उन्नत कृषि के लिए किसानों को जागरूक किया। इस अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा लगभग 35 करोड़ की ऋण की स्वीकृति प्रदान की गई।

# अग्निशमन यंत्रों के सही उपयोग की हो जानकारी: पी महेश



**भिलाई।** बीएम शाह हॉस्पिटल के सामने, शास्त्री नगर कैंप 1 में स्थित पीएम फायर सेफ्टी एंड सर्विसेज के पी महेश राव ने बताया कि आग लगने की स्थिति में अग्निशमन यंत्रों के सही उपयोग के बारे में जानकारी होनी चाहिए और कारखानों, अस्पतालों, क्लीनिकों, मॉल छोटी-बड़ी कंपिनयों एवं भीड़-भाड़ वाली जगहों में अग्निशमन यंत्रों का होना अनिवार्य है। इन अग्निशमन यंत्रों को चलाने का प्रशिक्षण देना चाहिए। इससे मौके पर मौजूद कर्मचारी, लोग भी आग को नियंत्रित कर सकेंगे। सेफ्टी एंड सर्विस जिन-जिन संस्थानों में रिफलिंग करती है नियमित रूप से उस संस्थान में अभ्यास(मॉक ड्रिल) कराती है और कर्मचारियों को आग लगने की दशा में फायर हाईड्रेंट और अग्निशमन यंत्र के उपयोग की संपूर्ण जानकारी देती है। आग बुझाने वाले यंत्रों को चलाने अभ्यास कराया जाता है। महेश राव ने बताया कि आग लगने की घटनाएं किसी भी व्यवसाय के लिए विनाशकारी साबित हो सकती हैं, लेकिन उचित प्रशिक्षण से घटना को रोका जा सकता है।

### -: आम सूचना :-

ग्राम-भानपुरी (अण्डा से भानपुरी मुख्य मार्ग) प.ह.नं.-38, रा.नि.मं. अण्डा, तह. दुर्ग जिला-दुर्ग में स्थित भूमि के संबंध में।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार क्रेता ललन प्रसाद पिता द्वारिका प्रसाद पता एल.आई. जी. 293, विवेक विहार कॉलोनी, बोरसी दुर्ग तह. व जिला- दुर्ग छ.ग. ने विक्रेता सुरेश कुमार देशमुख आ. स्व. नीलकंठ देशमुख पता-मं. नं. 365, गली नंबर-4, आजाद वार्ड नम्बर 37, गंजपारा, दुर्ग तह. एवं जिला-दुर्ग, छ.ग. से मौजा ग्राम-भानपुरी (अण्डा से भानपुरी मुख्य मार्ग) प.ह.नं.-38, रा.नि.मं. अण्डा, तह. व जिला-दुर्ग छ.ग. वाले के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि जिसका खसरा नं. 653/1, रकबा 0.50 हे. = एक एकड़, 25 डिसमिल, कृषि भूमि है, को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना रकम अग्रिम दिया जा चुका है।

अतः उक्त भूमि के सौदे / विक्रय के सबंध में जिस व्यक्ति, व्यक्तियों, साहूकार, निगम, बैंक, संस्था, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय विभाग एवं अन्य किसी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो, अपनी लिखित उजर, दावा, या आपत्ति मय, सुसंगत दस्तावेज के आधार पर इस सूचना प्रकाशन के 15 दिन के भीतर मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। बाद म्याद मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त संपत्ति का पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा एवं तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

सो सूचना जानें।

स्थान-दुर्ग
दिनाक-
21/11/2024

बिलास दास मानिकपुरी
अधिवक्ता
जिला न्यायालय दुर्ग छ.ग.
मो. नं. 9826785486







विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### माझी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष ने किया सम्मान

**भिलाई।** कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में हुए मत्स्य कृषक संगोष्ठी के कार्यक्रम में कृषि मंत्री राम विचार नेताम, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप एवं पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद का सम्मान माझी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष छोटेलाल चौधरी एवं माझी प्रकोष्ठ जिला महामंत्री प्रदीप चौधरी एवं समस्त पदाधिकारी गणों ने स्वागत किया एवं कार्यक्रम में शामिल हुए।

## निधन

### खरारीराम देवांगन



**भिलाई।** समीपस्थ ग्राम पुरई निवासी रिटायर्ड हेड मास्टर खरारीराम देवांगन (68 ) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के ही मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रमिला देवांगन के पति और प्रकाश व आकाश देवांगन के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड गए हैं।

### पुनिया बाई



**भिलाई।** लाइट हाउस सुपेला निवासी पुनियाबाई उम्र 56 वर्ष का निधन हो गया। वे जगदीश प्रसाद की पत्नी थीं। उनका अंतिम संस्कार 23 नवंबर को रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। अंतिम यात्रा सुबह 11 बजे निवास स्थल से निकाली जाएगी। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड गए हैं।

## वृहत्ताकार सेवा सहकारी समितियों में अध्यक्ष मनोनीत

# लंबे अर्से से इंतजार के बाद सोसायटियों में अध्यक्ष नियुक्त, किसानों में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

लंबे इंतजार के बाद स्वतंत्रता दिवस 2024 को सोसायटियों में ध्वजारोहण करने के लिए नामित भाजपा नेताओं को अंततः सोसायटी अध्यक्ष भाजपा सरकार ने मनोनीत करते हुए आदेश सूची जारी किए। जारी सूची के मुताबिक बटरेल सोसायटी अध्यक्ष किसान मोर्चा भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, सुरपा सोसायटी अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू, जामगांव आर सोसायटी अध्यक्ष मंडल पूर्व महामंत्री भगवान सिंह चंद्राकर, भरर सोसायटी अध्यक्ष मंडल महामंत्री राजेश बंछोर, कुम्हली सोसायटी अध्यक्ष मंडल महामंत्री तेजेंद्र पिपरिया, बेलहारी सोसायटी अध्यक्ष मंडल उपाध्यक्ष रूपसिंह सिन्हा, निपानी सोसायटी अध्यक्ष बेनीराम साहू, कुर्मीगुंडरा सोसायटी अध्यक्ष दानीराम वर्मा, गाड़ाडीह सोसायटी अध्यक्ष संजय चंद्राकर, मर्रा सोसायटी अध्यक्ष विनोद सिंह ठाकुर, रानीतराई डीड़गा सोसायटी अध्यक्ष योगेश्वर साहू बनाए गए। दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने नव नियुक्त सोसायटी अध्यक्षों को बधाई देते हुए कहा कि आप हमारे पार्टी के वरिष्ठजन है भाजपा की नीति से भली भांति परिचित है भाजपा उच्च मापदंड के तहत किसानों के लिए समर्पित होकर काम करती है आप सब किसान पुत्र है किसानों का दर्द आप अच्छी तरह जानते है किसानों को धान बेचने से लेकर राशि आहरण तक तनिक भी तकलीफ ना हो महती भूमिका निभाए।

### किसानों को तकलीफ ना हो: जितेंद्र



### किसान और प्रशासन के बीच महती भूमिका निभाए अध्यक्ष

वहीं नवनियुक्त सोसायटी अध्यक्षों का ग्रुप शुक्रवार को सासंद विजय बघेल और दुर्ग जिला भाजपा जितेंद्र वर्मा के निवास में जाकर पुष्पहार से स्वागत करते हुए सोसायटी अध्यक्ष दायित्व सौंपने के लिए आभार व्यक्त किए। सांसद विजय बघेल ने नव नियुक्त सोसायटी अध्यक्ष भाजपा नेताओं को बधाई देते हुए कहा कि किसान और प्रशासन के बीच उपयुक्त कड़ी बनकर दायित्वों का भली भांति निर्वहन करे। किसानों को परेशानी बिल्कुल भी ना हो भाजपा सबका साथ सबका विश्वास पर यकीन करती है आप सभी अनुभवी भाजपा नेता है सबको पूरी तरह खरा उतरना है। अपने कार्यकाल को यादगार बनाना है।



### रौंदा व पेण्ड्रावन के अध्यक्ष ने पदभार ग्रहण किया

**धमधा।** धमधा मंडल के सेवा सहकारी समितियों में भाजपा ने अध्यक्ष नियुक्त कर दिया है। धान खरीदी के साथ किसानों को बारदाना,खाद,बीज एवम खरीदी में किसी तरह की परेशानी न हो इस उद्देश्य से भरतीय जनता पार्टी ने सेवा सहकारी सोसायटी में अध्यक्ष की नियक्ति की है। इसी कड़ी में रौंदा सोसायटी में अध्यक्ष कोमल जंघेल एवं पेंड्रावन सोसायटी में अध्यक्ष दिनेश यादव ने पदभार ग्रहण किया। कोमल जंघेल को समिति प्रबंधक जगदीश मंडावी ने पदभार ग्रहण कराया। वहीं पेंड्रावन अध्यक्ष दिनेश यादव को समिति प्रबंधक गोवर्धन जंघेल ने पदभार ग्रहण कराया। दोनों नवनियुक्त अध्यक्ष ने पदभार पश्चात कहा कि किसानों को खाद बीज से लेकर धान खरीदी और भुगतान में किसी तरह की परेशानी नही आने दी जाएगी। इस अवसर पर प्रहलाद यादव, अनिल सोनी, डिशन सिन्हा, गांधी मंडावी, सुरेश वर्मा आदि उपस्थित थे।





### वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति उतई के अध्यक्ष बने फत्तेलाल

**उतई।** वृहत्ताकार सेवा सहकारी समितियों में सरकार द्वारा अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी गई है। जिसमे वृहत्ताकार सहकारी समिति मर्यादित उतई प्र.क्र.101 के प्राधिकृत अध्यक्ष खोपली निवासी उतई मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा को मनोनीत किया गया। जिन्होंने समिति प्रबंधक गिरधर सोनी समक्ष भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के उपस्थिति में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण कर वर्मा ने कहा कि मैं विधायक एवं सांसद का दिल से आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने मुझे यह जिम्मेदारी दिया। इस अवसर पर समिति प्रबंधक अपने सभी स्टाफ के साथ मनोनीत अध्यक्ष को बधाई दिया साथ ही उपस्थित मंडल महामंत्री सोनू राजपूत, भाजयुमों अध्यक्ष प्रवीण यदु, फलेंद्र सिंह राजपूत, रूपनारायण शर्मा, रोहित साहू, घनश्याम चंद्राकर, वामन साहू, शीतला ठाकुर, लक्ष्मीनारायण साहू, चंदू देवांगन, करण सेन, भुखन पटेल, सुखीत यादव, हुबलाल चंद्राकर, चिंटू सिन्हा, रूपेश पारख, देवेंद्र राजपूत, नरेंद्र साहू, बिमला कंमड़े, शीतल रात्रे, रंजना चंद्राकर, शुभम वर्मा, राजूलाल साहू, डॉ. अनिल साहू सहित आदि नेअध्यक्ष को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया।



### सेलूद समिति में टामन लाल आज करेंगे अध्यक्ष का पदभार ग्रहण

**सेलूद।** सेवा सहकारी समिति सेलूद में 23 नवंबर को सुबह 11 बजे धान खरीदी केन्द्र सेलूद में प्राधिकृत अधिकारी के रूप में टामन लाल साहू की नियुक्ति हुई है। जिसके पदभार ग्रहण कार्यक्रम में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हर्षा चन्द्राकर सदस्य जिला पंचायत दुर्ग, अध्यक्षता खेमिन साहू सरपंच ग्राम पंचायत सेलूद, विशिष्ठ अतिथि खेमलाल साहू अध्यक्ष भाजपा मध्य मण्डल पाटन, लोकमनी चन्द्राकर अध्यक्ष भाजपा उत्तर मण्डल, लालेश्वर साहू अध्यक्ष भाजपा दक्षिण मण्डल, चंचल यादव उपसरपंच ग्राम पंचायत सेलूद उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी प्रबंधक सेवा सहकारी समिति सेलूद रोमन दास वैष्णव ने दिया ।







संकलनकर्ता – आसकरण जैन (वरिष्ठ पत्रकार) जामगांव आर. मो.: 9406268237

## खबर संक्षेप



### सांसद ने पत्नी व कार्यकर्ताओं के साथ देखी 'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म

**भिलाई।** सांसद विजय बघेल अपने पत्नी रजनी बघेल तथा सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ 'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म देखने चंद्रा मोर्या सिनेमाहाल पहुंचे। इस फिल्म में 22 साल पहले गुजरात के गोधरा में हुए ट्रेन हादसे की कहानी की सच्चाई को दिखाने की कोशिश की गई है। श्री बघेल ने इस फिल्म की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह फिल्म इतिहास के भयावह सत्य को उजागर करने का सराहनीय प्रयास किया गया है। हमारी प्रदेश की भाजपा सरकार इस फिल्म को राज्य में टैक्स फ्री किया है।

### अम्बेडकर ग्रंथालय व प्रतिमा सौन्दर्यीकरण कार्य प्रारंभ करें



**भिलाई।** राष्ट्रीय अनुसुचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतभिलाई इस्पात संयंत्र एससी/एसटी इम्प एसोसिएशन भिलाई के अध्यक्ष आनदं रामटेके के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्या से मुलाकात की। बीएसपी कार्यकारिणी अध्यक्ष दीनानाथ प्रसाद, महासचिव सतोषं कुमार ठाकुर, उपाध्यक्ष गोविन्द कन्नौजे, सहित कार्यकारिणी सदस्यों ने प्रतीत चिन्ह व शाल श्रीफल देकर सम्मान किया। एसोसिएशन के द्वारा प्रतिवेदन सौंप कर बीएसपी में कार्यरत एससीएसटी कर्मचारियों व अधिकारियों की समस्याओं की निदान की मांग की। टाउनशिप में डां. बाबा साहेब अम्बेडकर भवन में डां. आंबेडकर प्रतिमा का सौन्दर्यीकरण, अम्बेडकर ग्रंथालय का निर्माण कार्य जल्द शुरु किए जाने की मांग की। साथ ही शहीद वीरनारायण सिहं स्टेडियम का सौन्दर्यीकरण व परिसर में वीर नारायण सिंह की प्रतिमा लगाने की मांग की। बीएसपी में रोक लगाई जाय। समाज के अधिकारी कर्मियों सहित कार्यकारिणी अध्यक्ष दीनानाथ प्रसाद कर्मचारी को पुनः बीआर एम वापस लाने और कर्मियों के कार्य के दौरान मेडिकल अनफिट/आकस्मिक दुर्घटना ग्रस्त हो जाने पर अनुकम्पा नियुक्ति में शिथिलता बरतने की मांग की गई।

### राकेश कुमार ने बीएसपी के ईडी का पदभार ग्रहण किया

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (प्रचालन) के रूप में राकेश कुमार ने



शुक्रवार को अपना पदभार ग्रहण किया। ईडी अंजनी कुमार ने उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधकगण उपस्थित थे। पदभार ग्रहण करने के बाद श्री राकेश कुमार कार्यपालक निदेशक प्रभारी (वर्क्स) सभागार में विभाग प्रमुखों एवं वरिष्ठ अधिकारियों की आयोजित एक बैठक में भी शामिल हुए। राकेश कुमार का कार्यक्षेत्र मुख्य रूप से खदानों, कोक ओवन्स, गैस यूटिलिटीज और सीओ एंड बीपीपी, सीओ एंड सीसी जैसे महत्वपूर्ण विभागों में रहा है। राकेश कुमार ने सेल में विभिन्न उच्च पदों पर कार्य किया है और उन्होंने अपनी मेहनत, समर्पण और नेतृत्व कौशल से कंपनी को न केवल तकनीकी बल्कि प्रबंधन में भी उत्कृष्टता की दिशा में अग्रसर किया है।

### बोधरा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**भिलाई।** बीएसपी के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा, निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन दुल्की माइन्स के समीपस्थ ग्राम बोधरा में किया गया। 63 लोगों की जांच करके उनको दवाई का वितरण किया गया।

### काल भैरव जयंती आज

**भिलाई।** काल भैरव जयंती शनिवार को नंदी नगर हरिद्वार वार्ड-13 अहिवारा में मनाया जाएगा।

# आदिवासी संस्कृति पर केंद्रित प्रदर्शनी का आयोग अध्यक्ष आर्या ने किया अवलोकन

## योगदान के लिए छायाकार गोपी कृष्ण व पिता दया सिंह का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

बीएसपी के जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित सिविक सेंटर स्थित नेहरू आर्ट गैलरी में, आदिवासी कला और संस्कृति पर केन्द्रित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्या ने किया। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।



### लोक कलाकारों की लोकरंगी प्रस्तुति

श्री आर्या ने भारत की समृद्ध आदिवासी संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन में योगदान के लिए गोपी कृष्ण सोनी के पिता एवं दया सिंह राठौरिया को सम्मानित किया। श्री आर्या ने आगंतुक पुस्तिका में लिखा "यह फोटो प्रदर्शनी वास्तव में बैगा जनजाति की विभिन्न गतिविधियों और उनकी संस्कृति पर प्रदर्शित फोटो श्रृंखला के माध्यम से नागरिकों को समृद्ध आदिवासी संस्कृति से अवगत कराने की एक सराहनीय पहल है। प्रदर्शनी में सोनी की तस्वीरें प्रदर्शित की गई हैं, वे कबीरधाम जिले के पंडरिया के नेउर गांव के निवासी हैं और पेशे से शिक्षक हैं। वे शिक्षा विभाग में पदस्थ हैं और नरेश विश्व द्वारा लिखित लोककथा संग्रह में भी अपनी फोटोग्राफी की है। प्रदर्शनी में ईडी पवन कुमार, सीजीएम संदीप माथुर, जनसम्पर्क, सम्पर्क प्रशासन विभाग के महाप्रबंधक सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, एससी/एसटी एसोशियेशन के पदाधिकारी व आर्ट क्लब के लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर लोक कलाकार दयाराम राठुलिया और साथियों ने लोक नृत्य से मुग्ध किया।

प्रदर्शनी और नृत्य में विशेष रूचि लेते हुए इसका भरपूर आनंद उठाया। इस प्रदर्शनी के माध्यम से भारतीय गोड़ एवं बैगा आदिवासी संस्कृति की विविधता और समृद्धि को दिखाया गया है। आर्या का स्वागत बैगा नृत्य मंडली द्वारा गुदुम नृत्य की जीवंत प्रस्तुति से किया गया। बैगा नृत्य मंडली के प्रमुख दयाराम राठौरिया ने ताड़ के पत्ते की माला भेंट कर स्वागत किया।

## बीएकेएस की प्रबंधन से मांग, अधिकारियों की तरह हो अवकाश की व्यवस्था

# एचपीएलः बीएसपी कर्मियों और अफसरों के बीच हो रहा भेदभाव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में अर्जित अवकाश को लेकर अधिकारियों व कर्मचारियों के बीच भेदभाव से कर्मियों में असंतोष है। बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी को पत्र लिखकर माँग किया है कि अर्जित अवकाश, चिकित्सीय अवकाश को अधिकारी वर्ग के तर्ज पर लागू किया जाय। ऐसा नहीं करने से कर्मचारियों को नुकसान हो रहा है।

यूनियन ने ज्ञापन में बताया कि गैर कार्यपालक कर्मचारियों को अपने कार्य निष्पादन के प्रतिफल स्वरूप 22- 23 सालाना अर्जित अवकाश दिया जाता है. जो की कर्मचारी के खाते में वर्ष दर वर्ष जुड़ते रहता है। वर्तमान व्यवस्था में अर्जित अवकाश का सेवानिवृत्ती बाद नकदीकरण एचपीएल जमा रखने की

### कर्मचारियों को लाखों का नुकसान



व्यवस्था में, अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच भारी भेदभाव जारी है। यह छुट्टियों को संख्या तक सीमित न होकर उसके नगदीकरण व्यवस्था तक में व्याप्त है। इससे कर्मचारियों का लाखों रुपए का नुकसान हो रहा है। प्रबंधन के भेदभाव से कर्मियों में असंतोष है। कर्मचारी अपने सेवाकाल में अधिकतम 200 अर्जित अवकाश ही जमा कर सकता है जबकि अधिकारियों के लिए 300 की संख्या है। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय नें 8 अक्टूबर के एक फैसले मे आदेश दिया है कि प्रत्येक कर्मचारी सेवानिवृती तक अपना अर्जित अवकाश जमा रख सकता है।

### कर्मियों को 50 दिन का नुकसान

सेवा निवृत्ति के वक्त कर्मचारी 200 ईएल और 100 एचपीएल नगदीकरण करवा पता है। यानी100 एचपीएल के बदले उसको 50 ईएल का ही पैसा मिलता है। इससे कर्मचारी को 50 दिन के वेतन का सीधा नुकसान होता है जबकि अधिकारी वर्ग पूरे 300 दिन के वेतन का लाभ पाते हैं। कर्मचारी वर्ग, अधिकतम 320 एचपीएल ही जमा रख सकता है जबकि अधिकारी वर्ग को असिमित एचपीएल जमा रखने की छूट दी जाती है। बीएकेएस के मुताबिक सेवाकाल के दौरान यदि बीमारी या पारिवारिक कारण से छुट्टी लेना पड़े ऐसे मामलों में ई एल 200 से तथा एचपीएल 320 से नीचे आ जाता है, जो प्रत्येक कर्मचारी के साथ नौकरी काल में अवश्य होता है या फिर वो हाफ पे लीव लेते हैं जिससे सीधे आर्थिक क्षति होती है। जबकि अधिकारी के खाते में असीमित एपीएल छुट्टी जमा होने के कारण वो बिना आर्थिक नुकसान के अपने आवश्यक कार्य और स्वास्थ्यगत कारणों से अवकाश ले पाते हैं। छुट्टी नगदीकरण के मामले में भी उच्च न्यायालय मद्रास के द्वारा एक रिट पेटिशन में यह निर्णय दिया गया कि कर्मियों का ड्यूटी डेज 26 दिन की जगह 30 दिन ड्यूटी के हिसाब से ईएल की गणना की जाए।

## एनएचएम संघ ने कर्मचारियों की समस्याओं पर किया मंथन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

छत्तीसगढ़ प्रदेश एन.एच.एम. कर्मचारी संघ (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन) की जिला स्तरीय प्रथम बैठक दुर्ग जिलाध्यक्ष डॉ. आलोक शर्मा की अध्यक्षता में जिला अस्पताल के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में

■ जिला स्तरीय प्रथम बैठक आयोजित

संगठन का विस्तार, कर्मचारियों की विभिन्न समस्या, सदस्यता अभियान,जिलास्तरीय कर्मचारी सम्मेलन आदि के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में ब्लाक निकुम, धमधा, पाटन एवं दुर्ग-भिलाई शहरी के प्रमुख पदाधिकारीगण विशेष रूप से भीषम साहू, राजेन्द्र वर्मा, लक्की दुबे, शेखर ताम्रकार, दिव्या लाल, चन्द्रहास धनकर, हिमांशु चन्द्राकर, कांति ठाकुर, अंकिता ठाकुर, डॉ. सूर्यकांत दिल्लीवार, डॉ. दीपिका वर्मा, डॉ. अभिषेक साहू, डॉ. लेमिका साहू, सपना शर्मा, मोहम्मद फारूक, योगेश कुमार गहिरवार, सत्येन्द्र कुमार, शशांक श्यामकुंवर, तीरथ देशमुख, चन्द्रेश कुमार रिंगरी, गजेन्द्र गुप्ता, रूपेन्द्र कुमार, धनेश कुमार, प्रीति विश्वकर्मा, रितिमा जैकब, कमलकांत साहू, भागवत कुमार साहू, इन्द्रजीत भारती, पप्पू चतुर्वेदी, हरविंद जोशी, दीपक वंजारे, शुभम शर्मा, अविनाश शर्मा सम्मिलित हुए।




## वाडाबलिजा जातिय संघम के आयोजन में बिखरी सामाजिक समरसता की खुशबू




हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

विश्व मत्स्यकार दिवस पर वाडाबलिजा जातिय संघम भिलाई द्वारा श्रीराम चौक बाल मंदिर स्कूल परिसर जोन दो खुर्सीपार में दिवस समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नगर निगम भिलाई के पूर्व सभापति पी श्यामसुंदर राव, विशिष्ट अतिथि एमआईसी सदस्य के लक्ष्मीपति राजू, विशेष अतिथि उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह थे। अध्यक्षता संघम के अध्यक्ष जी.हरिकृष्णा ने की। अतिथियों ने गंगा मैय्या के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित और माल्यार्पण कर किया। जी.हरिकृष्णा ने अतिथियों का स्वागत व सम्मान गुलदस्ता, शाल व श्रीफल भेंट कर किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्वारा शिक्षक सम्मान से सम्मानित के शारदा और छग पुलिस विभाग में एएसआई में चयनित एम पुष्पा को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। महिला संगठन की अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष का भी पुष्प हार से सम्मान किया गया। अतिथियों ने समाज के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि समाज की हर संभव मदद की जाएगी। अध्यक्ष जी हरिकृष्णा जी ने कहा कि समाज को एक माला की तरह रहना चाहिए, जिससे कभी भी कोई समस्या उत्पन्न हो तो उसका सामना आसानी से किया जा सके। महासचिव वी वायकुंठ राव ने बताया कि देश में विश्व मत्स्यकार दिवस की शुरुआत 1997 से हुई, जिसे मछुआरा समूह के लोग हर्षोल्लास से मनाते हैं। समाज के वरिष्ठ के उमाशंकर राव ने समाज की मजबूती पर जोर दिया।

■ विश्व मत्स्यकार दिवस समारोह में प्रतिभाशाली युवक युवतियों का हुआ सम्मान

### परिवार के साथ पहुंचे समाज के लोग

कार्यक्रम में समाज प्रमुख पी यर्रेन्ना, एम वेंकट राव, डी यसैय्या,एम लोकेश, बी देवदासू,के श्रीनिवास, एम कृष्णा राव,टी लोकनाथ,एम बाबूराव, एम ईश्वर राव, एमएस राव, एल कालिदास, एम आदिनारायण,ए जगन्नाथ, सागरू नारायण स्वामी, विश्वनाथ,एन जगदीश, एल चैतन्य, ई तुलसीदास,व महिलाओं मे के कामेश्वरी, टी यशोदा, के हेमलता, डी नागमणि, के संगीता, के राजकुमारी, यू ज्योति, बी मीना, के जयलक्ष्मी, ए वरलक्ष्मी सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित थे।

## अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष आर्या ने किया बीएसपी दौरा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्या एक दिवसीय प्रवास पर भिलाई आए। भिलाई निवास पर उनका स्वागत भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ किया।

श्री आर्या ने भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य इकाईयों का दौरा किया। उन्होंने भिलाई निवास में एससी/एसटी कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों की बैठक ली। इसके बाद बीएसपी के निदेशक प्रभारी और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भिलाई निवास के बोर्ड रूम में समीक्षा बैठक की। आर्या ने प्लांट की कार्यप्रणाली, उत्पादन, निष्पादन और कर्मचारी कल्याण योजनाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने एसटी छात्रों से मुलाकात की, जिसमें भिलाई इस्पात संयंत्र स्कूलों के विद्यार्थी, नर्सिंग प्रशिक्षु और इंटर्न शामिल थे।

### यूआरएम में रेल बनते देखा

श्री आर्या ने संयंत्र के विभिन्न प्रमुख इकाइयों में लौह और इस्पात उत्पादन की प्रकिया का निरीक्षण किया। उन्होंने कोक ओवन और कोल केमिकल विभाग ब्लास्ट फर्नेस-8, स्टील मेल्टिंग शॉप-3 और यूनिवर्सल रेल मिल का निरीक्षण किया तथा प्लांट की तकनीकी प्रक्रियाओं की जानकारी ली। ब्लास्ट फर्नेस-8 में हॉट मेटल उत्पादन, एसएमएस-3 में क्रूड स्टील उत्पादन, यूआरएम में विश्व की सबसे लंबी 130 मीटर रेल की रोलिंग प्रक्रिया को देखा। इस दौरान भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारियों ने श्री आर्या को स्टील निर्माण प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया। संयंत्र के कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।














04 पुरुषों का जलवा

## लाइव इवेंट

### स्टूडेंट्स ने जाना खगोलीय घटनाओं को, जिज्ञासावश प्रश्न भी पूछे



**दुर्ग।** द एस्ट्रो क्लब बीआईटी द्वारा शुक्रवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला ग्राम कानाकोट में एक दिवसीय एस्ट्रोनॉमी अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसमें नौवीं और दसवीं के विद्यार्थियों को विभिन्न खगोलीय घटनायों की जानकारी दी। ताकि बच्चे अंतरिक्ष की खगोलिय घटनाओं को समझ सकें। इस एक दिवसीय प्रोग्राम में बच्चो को कॉसमॉस की जानकारी दी गई। विभिन्न एक्सपेरिमेंट्स के माध्यम से उन्हें खगोलीय घटनायों को समझाया गया। शाला में दोपहर को टेलिस्कोप द्वारा सूर्य में धब्बों को दिखाया गया। सौर्य कलंक की जानकारी दी गई। शाम होते ही बच्चो को अपने पलाको के साथ आने का निमंत्रण दिया गया, जिसमें टेलिस्कोप द्वारा उन्हें चांद तथा मुख्य तारों को दिखाया गया। प्रोफेसर सीएस रोबिनसन के नेतृत्त्व में द एस्ट्रो क्लब के विद्यार्थी-कार्यकर्ताओं अभिषेक कश्यप, अक्षय श्रीवास्तव, प्रिया चौहान, विपुल वर्मा, आदित्य देशमुख, अपूर्व घोषाल, ओम जायसवाल, रुचिता वर्मा , ऋषभ त्रिपाठी, समिध लीखा, श्रृष्टि कुमारी, साक्षी देवांगन, कशिश देवांगन, शिखर ताम्रकार ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

- बीआईटी कॉलेज के द एस्ट्रो क्लब ने कानाकोट के बच्चों को दिखाई खगोलीय घटनाएं

## सिटी इवेंट

### विकसित भारत के लिए स्टार्टअप और आत्मनिर्भरता जरूरी



**भिलाई।** विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय में स्टार्टअप और इंटरप्रेनरशिप विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजन में चेंबर ऑफ कामर्स के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। कार्यशाला में स्टार्टअप, आत्मनिर्भरता विषय पर चर्चा की गई। सीईओ अंग्रेश द्विवेदी और डॉ. आरएन पटेल ने आत्मनिर्भर युवाओ के लिए तैयार प्लेटफार्म की विस्तृत जानकारी दी। महामंत्री अजय भसीन ने बताया कि विकसित भारत के लिए स्टार्टअप व आत्मनिर्भरता अत्यंत आवश्यक है।चेम्बर ऑफ कामर्स इस क्षेत्र में लगातार काम कर रही है। रूरल क्षेत्र से प्रतिभाओं को मार्केट देना, नए युवाओं को स्टार्टअप के लिए हर तरह का सहयोग देने के लिए चेम्बर की टीम हमेशा तैयार रहती है। भसीन ने सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि इस अभियान में साथ देने उनकी टीम के साथ स्टार्टअप युवाओं को आगे बढ़ाने में चेम्बर की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी।

इस विशेष कार्यशाला में अन्य संस्था के पदाधिकारी भी उपलब्ध थे। कार्यशाला में शंकर सचदेव, सुनील मिश्रा, विनय सिंह, मनोहर कृष्णानी उपस्थित थे।

- चेंबर ऑफ कामर्स के प्रतिनिधि टेक्निकल यूनिवर्सिटी में आयोजित कार्यशाला में हुए शामिल

## सिटी इवेंट

### इंटर कॉलेज क्रिकेट के फाइनल में कल्याण और सेंट थॉमस भिड़ेंगे



**भिलाई।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित दुर्ग सेक्टर अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला कल्याण कॉलेज सेक्टर 7 और सेंट थॉमस महाविद्यालय रुआबांधा के मध्य खेला जाएगा। शुक्रवार को खेले गए सेमीफाइनल मैच में सेंट थॉमस ने रुंगटा आर-1 को 93 रनों से हराया। सेंट थॉमस महाविद्यालय ने आठ विकेट पर 159 रन बनाए। जवाब में रुंगटा महाविद्यालय की टीम 66 रन पर ढेर हो गई। मैच में अमन ने हैट्रिक ली। गौरव सिंह, समरपीत एवं गर्व सिंह ने दो-दो विकेट चटकाए।


#### टेनिस बॉल क्रिकेट के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 25 नवंबर तक

भारतीय टेनिस बॉल क्रिकेट संघ द्वारा टेनिस बॉल क्रिकेट सर्कल लीग प्रतियोगिता का आयोजन 20 से 27 दिसंबर 2024 तक किया जा रहा है। इसके लिए सेक्टर-1 क्रिकेट मैदान में 26 नवंबर की सुबह 10 बजे से खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 25 नवंबर है। उक्त चैंपियनशिप में भारत के विभिन्न राज्यों से खिलाड़ियों का चयन किया जाना है, जिसमें भारत से फ्रेंचाइजी द्वारा खिलाड़ियों को चयन किया जाएगा।

● सीबीएसई 10वीं और 12वीं की एग्जाम डेट तय, 15 फरवरी से शुरू होंगे एग्जाम, स्टूडेंट्स की चिंता बढ़ी

# दो महीने में क्लीयर करें बेसिक, 7 घंटे की नींद से बेहतर होंगे दिमाग के न्यूरॉन्स, ऑनलाइन पढ़ाई से मानसिक तनाव अधिक, इससे बचें

सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकंडरी एजुकेशन यानी सीबीएसई की ओर से कक्षा दसवीं और बारहवीं कक्षा की परीक्षा की तारीख घोषित कर दी गई है। 15 फरवरी 2025 से परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। परीक्षा की तारीखों के ऐलान के साथ ही स्टूडेंट्स की चिंता बढ़ गई है। इसके बाद अब एग्जाम में केवल दो महीने 20 दिन का समय बच गया है। एग्जाम में अच्छे परिणाम प्राप्त करने के लिए स्टूडेंट्स के लिए बचे हुए दिन काफी महत्वपूर्ण है। अक्सर एग्जाम से पहले तैयारी नहीं होने से पढ़ाई का तनाव स्टूडेंट्स में बढ़ जाता है। इससे बचने के लिए अब रिवीजन के साथ नियमित पढ़ाई आवश्यक है। इसे लेकर हरिभूमि ने एजुकेशन एक्सपट्र्स से बात की। जाना कि विद्यार्थियों को बेहतर रिजल्ट के लिए कैसे पढ़ाई करनी चाहिए। एग्जाम की तैयारियों को लेकर क्या कुछ किया जाना चाहिए। एक्सपट्र्स ने बताया कि तनावमुक्त रहकर दो महीने में बेसिक क्लीयर करें। अच्छी नींद लें और पढ़ाई करें।



सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 12वीं की परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू होंगी और पहला पेपर फिजिकल एजूकेशन का होगा। इसके अलावा कक्षा 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं 15 फरवरी को इंग्लिश के पेपर के साथ शुरू होंगी। इस बार सीबीएसई ने पिछले कुछ सालों से चली आ रही परंपरा से हटकर बड़े विषयों की परीक्षाएं पहले करवाने का फैसला किया है। इसलिए विशेषज्ञों का भी कहना है कि कठिन विषयों पर अधिक फोकस करें। टाइम टेबल बनाकर पढ़ाई करने से तैयारी अच्छी होगी। सीबीएसई एग्जाम तारीखों के ऐलान के बाद शहर के कोचिंग सेंटर रिवीजन क्लास भी जनवरी से शुरू होने वाली है। इसमें 10वीं और 12वीं के प्रमुख विषयों की शुरू से पढ़ाई बच्चों को करवाई जाएंगे। इसके अलावा स्टूडेंट्स के डाउट भी क्लीयर किए जाएंगे। कोचिंग संचालकों ने बताया कि एग्जाम में बचे दो महीने में स्टूडेंट्स को हर विषय को समझने का प्रयास करना है। तैयारी के नाम पर रटने का कार्य अभी काम नहीं आएगा। अच्छे अंकों के लिए दो महीने के लिए रिवीजन क्लास होगी, जो फरवरी तक चलेगी। इस बीच कमजोर बच्चों के लिए स्पेशल क्लास होगी, ताकि कठिन विषयों के बेसिक उन्हें अच्छे से समझ आ सकें।

### अच्छी नींद से बढ़ती है याद रखने की क्षमता

कोचिंग संचालक और शिक्षाविद का कहना है कि दो महीने की पढ़ाई अच्छे अंक दिला सकती है। अभी से स्टूडेंट्स 7 घंटे की नींद लेकर दिमाग के न्यूरॉन्स बेहतर करें। इससे याद करने की क्षमता बढ़ती जाएगी। हर दिन घर में 4 से 5 घंटे लगातार पढ़ाई करने का अभ्यास करें। अपना टारगेट सेट करें कि कितने अंक आपको एग्जाम में चाहिए और उसके लिए मेहनत लक्ष्य से अधिक करें। मॉडल पेपर, पिछले वर्ष के प्रश्नपत्रों को हल करना 20 जनवरी के बाद शुरू करें। एग्जाम के लिए 12वीं के स्टूडेंट्स को गणित, कॉमर्स, रसायन व बायो विषयों का अध्ययन शुरू कर देना चाहिए। घर में ही एग्जाम की तैयारी के लिए अलग से 2 से 3 घंटे का समय निकालें। प्रयास करें कि दो दिनों में एक अध्याय को खत्म करें। इस दौरान रिवीजन के लिए अलग से नोट्स तैयार करते चलें। 5 विषयों में यदि समय को विभाजित करेंगे तब भी 20 दिन से ज्यादा समय नहीं है। टाइम मैनेजमेंट से अगर पढ़ाई नहीं करेंगे, तो तैयारी में पीछे हो जाएंगे। कठिन विषयों को अधिक समय दें। दो महीने में बेसिक क्लीयर करें।

### तनाव लेने की जरुरत नहीं, अभी भी बहुत समय

मानसिक रोग विशेषज्ञ का कहना है कि तनाव लेने की जरुरत नहीं है, अभी एग्जाम में बहुत समय है। बोर्ड एग्जाम की तैयारी अभी से इस तरह करें कि दोबारा पढ़ने की जरूरत न पड़े। परीक्षा में बचे दिन को विषय अनुसार बांटकर तैयारी शुरू कर दें। बोर्ड परीक्ष में अच्छे अंक में राइटिंग और डायग्राम का महत्व होता है, इसलिए नोट्स बनाते हुए पढ़ाई करें। ऑनलाइन पढ़ाई से छात्र में लिखने की रफ्तार कम हो गई है। लिखने के अभ्यास के साथ विषय अच्छे से समझ आएगा। मॉडल पेपर निर्धारित समय में बनाने का प्रयास करें। शार्ट नोट्स बनाते ते हुए हुए रिवीजन करना सही हागा। सिलेबस पूरा हो जाने के बाद मॉडल पेपर से तैयारी शुरू करनी चाहिए। इससे पेपर में पूछे जाने वाले प्रश्नों की जानकारी हो जाती है। इसके अलावा रट्टा मारकर याद करने से अच्छा उसे समझकर पढ़ें।

#### एक्सपर्ट ओपिनियन

### स्टूडेंट्स अब अपना पूरा फोकस पढ़ाई पर कर दें, प्लानिंग कर खूब मेहनत करें

सीबीएसई की डिस्ट्रिक्ट कोर्डिनेटर और केएच मेमोरियल स्कूल की प्रिंसिपल विभा झा बताती हैं कि स्टूडेंट्स के लिए यह समय है स्वयं के आकलन का। यह समय है मैरिज पार्टी, अदर पार्टी, एनुअल फंक्शन, स्पोर्ट डे एवं अन्य समारोह का। लेकिन स्टूडेंट्स का टारगेट सिर्फ पढ़ाई होना चाहिए। उनका कहना है कि सेलिब्रेशन के दिन हर वर्ष आएंगे, लेकिन बोर्ड एग्जाम एक बार ही आएगा। अपने इस बहुमूल्य समय को पढ़ाई में लगा दें। टाइम वेस्ट ना करें। इधर-उधर जाने, कोचिंग जाने या फिर एक दूसरे के साथ डिस्कर्स करने में कि तुम्हारा कितना कोर्स हुआ है मेरा इतना हुआ है, में समय बर्बाद ना करें। पूरे समय को सब्जेक्ट के अनुसार बांट लें, किस सब्जेक्ट को कितना समय देना है। एक टाइम टेबल बना लें और गंभीरता पूर्वक पढ़ाई शुरू कर दें। मेहनत से हर सफलता संभव है। उन्होंने पैरेंट्स से भी अनुरोध किया कि वे इस समय में बच्चों की मदद करें। स्टूडेंट्स और पैरेंट्स मिलकर प्लान बनाएं, टीचर्स बोनस के रूप में उनके साथ है ही। टीचर्स की भी जिम्मेदारी है कि वे अपना अपना सब्जेक्ट पूरा कर लें।



# कोरबा पश्चिम लगातार तीसरी बार विजेता



**भिलाई।** केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा आयोजित पॉवर कंपनीज अंतर्क्षेत्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता 2024-25 स्पर्धा का आयोजन किया गया। शुक्रवार को प्रतियोगिता का समापन हुआ। फाइनल मैच में कोरबा पश्चिम की टीम ने बिलासपुर की टीम को 1-0 से शिकस्त दी।

कोरबा पश्चिम ने टाइटल बचाते हुए लगातार तीसरी बार विजेता का खिताब अपने नाम किया। प्रथम पाली में दोनों टीम बराबरी पर रहे, परंतु दूसरी पारी में कोरबा पश्चिम के खिलाड़ी लव कौशिक ने मैच का पहला शानदार गोल करते हुए अपनी टीम को विजयी बना दिया। इससे पूर्व कोरबा पश्चिम लगातार पॉच बार की विजेता रह चुकी है। बिलासपुर रीजन लगातार दूसरी बार उपविजेता रही। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब कोरबा पश्चिम के श्री अमन सिंह को दिया गया। हॉस्पिटल सेक्टर के सेक्टर-09 फुटबॉल मैदान में मैच खेले गए। बिजली कंपनी के मुख्य अभियंता एम जामुलकर ने कहा कि यह प्रतियोगिता न केवल खेल की भावना को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की गई, बल्कि हमारे विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एक साथ लाने और खेल के माध्यम से जीवन मूल्यों को सिखाने का एक अवसर भी है। स्पर्धा में पावर कंपनीज के नौ क्षेत्रों की टीमों यथा मेजबान टीम दुर्ग क्षेत्र, कोरबा पूर्व, कोरबा पश्चिम, अंबिकापुर, रायपुर केन्द्रीय, रायपुर क्षेत्र, जगदलपुर, मड़वा एवं बिलासपुर क्षेत्र खिलाड़ियों के बीच कुल 19 मैच हुए। 30 खिलाड़ियों को राष्ट्रीय विद्युत मंडल प्रतियोगिता के लिए नामांकित किया गया। इस अवसर पर तरुण कुमार ठाकुर, एस.मनोज, पीपी सिंह, एसके भूआर्य सहित अन्य मौजूद थे।

- तीन दिवसीय पॉवर कंपनीज फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन

# लेरिना काशीपुरी को नादमणी सम्मान



**भिलाई।** जैन कला केन्द्र द्वारा अपने स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण हो के उपलक्ष्य में जैन कला संगीत महाविद्यालय के तत्वावधान में भिलाई के सेक्टर 6 में दिनांक 14 से 16 नवंबर तक स्वर्ण जयंती समारोह ''नादोत्सव 2024'' नाट्य स्पर्धा का आयोजन किया गया। नाट्य स्पर्धा में छत्तीसगढ़ की शान भिलाई की लेरिना काशीपुरी ने अपनी अद्वितीय प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए कत्थक नृत्य में प्रथम पुरस्कार हासिल किया है। लेरिना काशीपुरी को लोकसभा सांसद विजय बघेल द्वारा विशेष सम्मान ''नादमणी सम्मान'' से भी सम्मानित किया गया। विदित हो कि लेरिना काशीपुरी ने पिछले 13 सालों से लगातार नृत्य के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। अपने इस यात्रा में उन्होंने कई चुनौतियों का सामना किया है, लेकिन उनकी दृढ़ता और समर्पण ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। इसके पूर्व भी लेरिना ने कई पुरस्कार जीते हैं।

#### आईआईटी भिलाई और भारतीय रिज़र्व बैंक ने संयुक्त रूप से सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) पर जागरुकता कार्यक्रम

# डिजिटल करेंसी के उपयोग पर व्याख्यान, एक्सपट्र्स ने कहा-यह वर्तमान समय की जरुरत, इसका ज्यादा से ज्यादा उपयोग लाभदायक

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** आईआईटी भिलाई ने भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के साथ मिलकर सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) पर एक ज्ञानवर्धक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम आरबीआई की देशभर में आईआईटी दिल्ली, आईआईटी कानपुर, आईआईटी मद्रास और आईआईटी बॉम्बे जैसे प्रमुख संस्थानों में चल रही पहल का हिस्सा था। इसका उद्देश्य सीबीडीसी के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इसके नवाचारों पर चर्चा को प्रोत्साहित करना है। इस कार्यक्रम में फिनटेक के एजीएम स्वप्निल कुमार शानू, अदिति दुबे के नेतृत्व में आरबीआई अधिकारियों द्वारा एक व्यापक प्रस्तुति दी गई। सत्र में सीबीडीसी की प्रेरणाओं, तकनीकी ढांचे और उपयोग के मामलों पर गहन चर्चा की गई। रिटेल पायलट प्रोजेक्ट और प्रोग्रामेबिलिटी और ऑफ़लाइन सुविधाओं जैसे अग्रणी नवाचारों के बारे में जानकारी दी गई। इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र जिसमें उपस्थित लोगों ने आरबीआई विशेषज्ञों के साथ प्रश्नों को स्पष्ट करने और अपनी समझ को गहरा करने के लिए एक खुली बातचीत की। एक्सपट्र्स ने बताया कि यह भौतिक मुद्रा का डिजिटल रूप है, जिसे भारतीय रिजर्व बैंक जारी करता है. यह एक विधिक मुद्रा है और इसे लेन-देन करने, मूल्य को डिजिटल रूप से स्टोर करने, या भौतिक मुद्रा की तरह इस्तेमाल करने में लाया जा सकता है।





### प्रश्नोत्तरी के जरिए सीबीडीसी को समझान का प्रयास

रोमांचक पुरस्कारों के साथ एक प्रश्नोत्तरी भी थी। एक जीवंत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में उत्साही भागीदारी देखी गई, जिसमें विजेताओं को सीधे उनके सीबीडीसी वॉलेट में पुरस्कार और सीबीडीसी कियोस्क के बारे में जानकारी मिली। भागीदार बैंकों ने उपस्थित लोगों को ऑनबोर्डिंग में सहायता करने के लिए कियोस्क स्थापित किए, जिससे उन्हें सीबीडीसी कार्यक्षमता का प्रत्यक्ष अनुभव हो सके। इस अवसर पर आईआईटी भिलाई के प्रतिनिधियों ने आरबीआई को इस अग्रणी पहल के लिए अपने संस्थान को चुनने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने डिजिटल करेंसी पर जागरूकता बढ़ाने और संवाद को प्रोत्साहित करने के महत्व को रेखांकित किया।

भविष्य डिजिटल करेंसी का, यह लंबे समय तक सुरक्षित रहेगा विशेष रूप से अकादमिक वातावरण में, जो नवाचार और भविष्य के विचारशीलता केंद्र होता है।

यह कार्यक्रम छात्रों, शोधकर्ताओं और शिक्षकों के लिए डिजिटल करेंसी के बदलते परिदृश्य को समझने और इसे अकादमिक परिसर जैसे बंद-चक्र पारिस्थितिकी तंत्र में लागू करने के व्यावहारिक उपयोगों को खोजने का एक अनूठा अवसर था। यह साझेदारी आईआईटी भिलाई की अत्याधुनिक तकनीकों के साथ जुड़ने और भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था को आकार देने वाले नवाचारों पर चर्चा को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

सिटी इवेंट

## लिखने का आनंद और डिजिटल युग में पत्रों का बताया महत्व



**भिलाई।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रवर अधीक्षक डाकघर बी एल जांगड़े ने छात्रों को चॉकलेट देकर प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि पत्र रिश्तो को सहेजते हैं। पत्र लेखन से व्यक्तिगत स्पर्श जुड़ता है। पत्र में वापसी पते जैसी जानकारी जोड़ने से पत्र पाने वाले व्यक्ति के साथ संबंध गहरा होता है। प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने कहा कि अभिव्यक्ति का प्रमुख साधन लेखन है। अनेक क्रांतिकारियों ने लिखकर अपने विचारों को विश्व भर में फैलाया है। पत्र लेखन भी लेखन की कला को विकसित करने पर जोर देता है। अपने भावों को प्रभाव शाली ढंग से रखना आना शिक्षा का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है। पत्र लेखन को हमें अपनी दिनचर्या या जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। डॉ अजय आर्य ने छात्रों को बताया कि पत्र का प्रभाव सीधे हृदय में पड़ता है। यह अपनेपन को प्रगाढ़ करता है। लगातार लिखने से भाव सहज और सरल रूप से सहेजने के योग्य बन जाते हैं।सहायक अधीक्षक दुर्ग नितिन गोस्वामी, एम ई दुर्ग सुरजीत मेहता, प्रेमराज जाचक एवं नारद साहू ने पोस्ट ऑफिस द्वारा चलाए जा रहे विविध योजनाओं तथा प्रतियोगिताओं की जानकारी छात्रों के सामने रखी। इस अवसर पर अमरनाथ सिंह, श्वेता भूरे, बंदिनी साहू, रोशनी , टकेश्वर साहू आदि उपस्थित रहे।



एजुकेशन लाइव

## स्वास्थ्य सेवा में रिसर्च क्षमता बढ़ाने के लिए किया मंथन



**भिलाई।** फार्मेसी रिसर्च, स्वास्थ्य सेवा अनुसंधान विषय पर आयोजित कार्यशाला में हाईब्रिड प्रारूप जिसमें अनुसंधान क्षमता को किस प्रकार से बढ़ाया जा सकता है पर व्याख्यान दिया गया। इस अवसर पर श्री शंकराचार्य फार्मास्युटिकल साइंस एंड रिसर्च के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जयाश्री ने अनेक महत्वपूर्ण जानकारी विद्यार्थियों के साथ शेयर की। भारती विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय के तत्वावधान में एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया गया। यह वेबिनार हाईब्रिड प्रारूप में आयोजित किया गया। वेबिनार का विषय अनुसंधान क्षमता को कैसे बढ़ाएं था। डॉ. जयाश्री ने बताया कि फार्मेसी रिसर्च, स्वास्थ्य सेवा अनुसंधान का एक विशेष क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि शोध के लिए प्राचीन ग्रंथों के अध्ययन को भी प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने शोध पत्र लिखने के तरीके के साथ ही इसके महत्व को विस्तार से बताया। आरंभ में अकादमिक डीन डॉ. विजेन्द्र सुर्यवंशी ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। फार्मेसी विभाग की सह-प्राध्यापिका डॉ. प्रगति बघेल ने अतिथि व्याख्यान का संयोजन किया। कार्यक्रम का समन्वय सहायक-प्राध्यापिका नेहा शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों नें प्रश्न भी पूछें, विशेषज्ञ नें प्रश्नो के उत्तर देकर विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं को शांत किया। यह अतिथि व्याख्यान विद्यार्थियों के लिए सीखने का अवसर साबित हुआ। इस अवसर पर फार्मेसी विभाग के समस्त प्राध्यापक और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

- फॉर्मेसी संकाय में एक दिवसीय वेबिनार आयोजित

सिटी इवेंट

## अमेजान की बेस्ट सेलर कैटेगरी में भिलाई के लेखक की किताब




**भिलाई।** भिलाई निवासी लेखक यीशु प्रसाद बंछोर द्वारा लिखी गई किताब अमेजान की बेस्ट सेलर कैटेगरी में शामिल हो गई है। भिलाई में रहने वाले यीशु प्रसाद बंछोर एक कॉरपोरेट ट्रेनर एवं मार्केटिंग एडवाइजर हैं। लेखन में भी रुचि रखते हैं। बंछोर कहते है कि कॉर्पोरेट ट्रेनर एवं मार्केटिंग एडवाइजर रूप में उन्हें कई महत्वकांशी लोगों से मिलने का सौभाग्य मिला है, जिन्होंने उन्हें यह किताब लिखने की प्रेरणा दी। यह किताब उन सभी को समर्पित है जो अपने स्किल्स को डेवलप करके अपने जीवन को नया मोड़ देना चाहते हैं एवं अपने जीवन में बड़ा बदलाव चाहते हैं। बंछोर ने बताया कि ये किताब उन सभी बिजनेस वाले लोगों के लिए बेस्ट ऑप्शन है, जो अपने स्टाफ के डेवलपमेंट पर ध्यान देना चाहते हैं। ताकि उनका बिजनेस बढ़े, उन छात्रों के लिए जो MBA कर रहे हैं, उन यंगस्टर के लिए जो नेटवर्किंग में हैं। उन साथियों के लिए जो बीमा एजेंट के रूप में कार्य कर रहे हैं। उस पुस्तक में यह बताया गया है कि कैसे अपने स्टाफ को ट्रेनिंग देकर अपने बिजनेस को दोगुना, चारगुना कम से कम समय में कर सकते हैं। अंत में बंछोर उन सभी को धन्यवाद देते हैं, जिन्होंने इस पुस्तक को लिखने की प्रेरणा दी एवं पुस्तक को लिखने में अपना सहयोग दिया।

● जिला प्रशासन के निर्देश पर युवोदय ने किया एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

# खेल-खेल में तनाव मुक्ति के टिप्स, मेंटल हेल्थ पर स्टूडेंट्स, पालकों और टीचर्स को किया जागरूक

**दुर्ग।** स्वयंसेवी संस्था युवोदय द्वारा सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों, टीचर और पालकों के लिए आओ बात करें नाम से कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें विद्यार्थियों को खेल-खेल में तनाव मुक्त रहने के टिप्स दिए गए।

मेंटल हेल्थ क लेकर जागरूक किया गया। विशेष रूप से लड़कियों के हेल्थ पर ज्यादा फोकस होकर कार्य किए जाने की जरुरत से अवगत कराया। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम हुआ। युवोदय स्वयंसेवकों ने अलग-अलग विषयों में जागरुकता अभियान चलाया। युवोदय की टीम स्वामी आत्मानंद इंग्लिश और हिंदी मीडियम स्कूल निकुम पहुंची। जहां मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और छात्रों, शिक्षकों, एवं अभिभावकों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समझाने के फायदे बताए गए। इसके अलावा इस तरह के आयोजनों से होने वाले फायदों के बारे में भी जानकारी दी गई।



### सांप-सीढ़ी जैसी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन, प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया

इस अवसर पर बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी ने इस प्रयास की सराहना की और इसे उपयोगी बताया। कार्यशाला में मानसिक स्वास्थ्य खेल गतिविधियों का भी आयोजन किया गया था, जिसमें बच्चों ने उत्साह के साथ भागीदारी निभाई। युवोदय टीम का उद्देश्य इस प्रकार की कार्यशालाओं के माध्यम से छात्रों, शिक्षकों और समुदाय के बीच मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना है। प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। भविष्य में इस प्रकार के आयोजन अन्य स्कूलों में भी किए जाने सहमति बनाई गई।



### सकारात्मक सोच, शिक्षा के महत्व पर दी जानकारी

कार्यशाला का संचालन युवोदय ब्लॉक समन्वयक प्रगति मोहबे ने किया। कार्यशाला में मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न विषयों जैसे तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच, मानसिक स्वास्थ्य का शिक्षा में महत्व और दैनिक जीवन में मानसिक संतुलन बनाए रखने के तरीके इत्यादि पर चर्चा की गई। समन्वयक ने बच्चों और शिक्षकों को मानसिक स्वास्थ्य के लक्षण पहचानने और समय पर मदद लेने के महत्व के बारे में जागरूक किया। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य को लेकर समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने के लिए सुझाव दिए।कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों ने चर्चा में सक्रिय भागीदारी की। अपने अनुभव साझा किए।

दीपावली मिलन...

## मराठी महिलाओं की दिवाली, फुलझड़ी जलाए, फोड़े पटाखे, कुर्सी दौड़ का लुत्फ





**भिलाई।** वैशाली नगर उज्जवल महिला महाराष्ट्र मंडल की महिलाओं ने दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं ने फुलझड़ी जलाए, अनार दाना जलाया और पटाखे फोड़कर दीपावली मनाई। इस अवसर पर मजेदार गेम्स का आयोजन भी किया गया। इसमें महिलाओं ने कुर्सी दौड़ का सबसे ज्यादा लुत्फ उठाया। विजेता को सम्मानित किया गगया। मंडल सचिव के निवास पर दीपावली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिलाओं ने उत्साह एवं उमंग के साथ दीप प्रज्वलित कर एक दूसरे को दीपावली की बधाई दी। मंडल अध्यक्ष नीलू लिमेश ने बताया कि अमावस की रात में जिस प्रकार छोटे-छोटे दीपक प्रज्वलित होकर अंधकार को दूर करता है, उसी प्रकार मनुष्य भी छोटे-छोटे प्रयास कर उन्नति के मार्गकी ओर अग्रसर होकर बड़े काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष संस्था द्वारा इस प्रकार का आयोजन किया जाता है। आयोजन में महिलाओं की संख्या लगातार बढ़ते जा रही है।

आयोजित प्रतियोगिता के विजेता हुए सम्मानित

इस अवसर पर सुरीली कुर्सी प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें प्रथम नीलू लिमेश, द्वितीय ऊषा तलमले, तृतीय भारती नंदनवन रहीं। इस अवसर पर प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष सुषमा ठोसर, उपाध्यक्ष वीणा देशपांडे, संध्या कपासे, किरण शिरेकर, वनिता गुलहाने, नंदा पांडे, कीर्ति सिंग, सुनंदा राजुरकर आदि उपस्थित थे।

सेजस तितुरडीह में आयोजन

## नेशनल कुडो में लाया सिल्वर मेडल, गीतेश्वरी हुई सम्मानित



**दुर्ग।** स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल तितुरडीह की छात्रा गीतेश्वरी साहू को नेशनल कुडो प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। गीतेश्वरी की इस उपलब्धि पर विद्यालय में उन्हें सम्मानित किया। कुडो की राष्ट्रीय स्पर्धा 8 से 9 नवम्बर को सूरत गुजरात मे आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए अंडर 14 महिलाओं के 48 किलोग्राम वजन समूह में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त किया। गीतेश्वरी सेजेस तितुरडीह में कक्षा आठवीं में अध्ययनरत है। इस अवसर पर प्राचार्य प्रेमलता तिवारी ने हर्ष व्यक्त करते हुए अन्य छात्र- छात्राओं को भी खेल में भाग लेंने के लिए प्रेरित किया। छात्रा की इस उपलब्धि पर वार्ड पार्षद अरूण सिंह, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष इन्द्र कुमार गंधर्व, जितेंद्र कुमार देशमुख, संतोष मरकाम, अन्नू सिंह, धान सिंह चंद्राकर, विद्यालय के अध्यापक एस कला, शालिनी त्रिवेदी, अनुपमा मेश्राम, श्रद्धा गेडाम,घनश्याम पटेल,अनुपमा जान, नवनीत कौर, सुखदीप सिंगभट्टी, शैलेश पृथ्वानी, अभिषेक रात्रे, स्वीटी वर्मा, सुमन साहू, मनीषा सैमसन, पंकज साहू, नुसरत फातिमा, ईश्वरी कोसरे, मार्टिना ठाकुर, रितेश शर्मा, सुधा वर्मा, अभिषेक दुबे, मालती चंद्राकर, गीता यादव, पवन यादव सहित अन्य मौजूद थे।

**सूरत गुजरात में हुई थी राष्ट्रीय प्रतियोगिता**

मां अनुसूइया महाराष्ट्र मंडल के आयोजन में सदस्याओं ने लिया हिस्सा

# पूजा की थाली सजाकर दिखाई क्रिएटीविटी, मनोरंजक गेम्स में विजेता बन मारी बाजी, सखियों संग किया एंजाय

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** मां अनुसूइया महाराष्ट्र मंडल कि सदस्यों द्वारा दिपावली मिलन का आयोजन आध्यामाता मंदिर शांती नगर में किया गया। इस दौरान महिलाओं ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। मंडल की सदस्याओं के लिए पूजा थाल सजाओं, हाउजी सहित विभिन्न मनोरंजक गेम्स भी रखे गये थे जिसमें सदस्याओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर मंडल की सभी सदस्यों ने उत्साह के साथ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना गाकर एक दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम कि शुरुआत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंदा कामिनीकर ने कहा कि दिपावली ऐक ऐसा त्यौहार है जो पंरपरागत रुप से भारत में बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जाता है। धनत्रोयदशी, लक्ष्मी पूजन, गोवर्धन पुजा, भाईदूज से लेकर कार्तिक एकादशी, तक मनाया जाने वाला त्यौहार दिपावली है जिसमें सभी वर्गो के लोग हर्षोल्लास के साथ मनाते है।



### गेम्स मे यह रहे विजेता

दिपावली मिलन समारोह में महिलाओ के लिए कई मनोरंजक गेम्स व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गये थे। जिसमें पूजा थाली सजावट में प्रथम स्थान भारती उजवने ने प्राप्त किया। द्वितीय दिपाली हुल्ले, तृतीय स्थान पर प्रभा भरने रही। फुल हाउजी गेम में प्रथम संगीता कोसे, द्वितीय खुशी लोन्हारे, तृतीय ग्रीष्मा शेगोकर विजेता रही। इसके साथ ही महिलाओं के लिए कई मनोरंजक गेम में सभी ने खूब एंजाय किया। कार्यक्रम में मां अनुसूया महाराष्ट्र मंडल कि अध्यक्ष नंदा शेगोकर, सचिव मन्दाताई कामीनकर सरोज, वनश्री, कल्पना, रेखा, ज्योती, माला, शोभा, अर्चना, संगीता काले, रेनुका, भारती पुनटकर, दिपाली, मीना, कांती, वर्षा, आशा, पूनम, वनिता, सुरेखा, प्रवली, रोज, रविना, निलिमा, नीता सहित मंडल की सभी सदस्याएं कार्यक्रम में उपस्थित थी।

### मंडल का उद्देश्य समाज के साथ देश सेवा

मंडल कि अध्यक्ष नंदा शेगोकर ने अपने संक्षिप्त शब्दों में कहा कि महिलाएं हाउस वाइफ होने के बावजूद महिला संगठन ग्रुप के माध्यम से आगे बढ़ने कि सोच रखती है। एकता और अखंडता की प्रतीक हमारे समाज की महिलाएं अपनी सुरक्षा करने में स्वयं सक्षम होना चाहिए। आज हर शहर व गांवों में अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाना जरूरी है। समाज में जब कोई त्यौहार या घर पर आयोजन होते है तो महिलाओं व लड़कियों को याद किया जाता है इसलिए बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं का नारा लगाते हुए उस पर अमल करना भी जरुरी है। समाज सेवा व देश सेवा के उद्धेश्य से मां अनुसया महाराष्ट्र मंडल के 40 से अधिक सदस्य अनेक समाजिक कार्य कर महिलाओं को सक्षम बनाने का कार्य करते है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### कूच बेहार ट्रॉफी में छतीसगढ़ के विकल्प की शानदार पारी



**रायपुर।** बीसीसीआई की ओर से मेंस अंडर-19 कूच बेहार ट्रॉफी 2024 का आयोजन 06 नवंबर से किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का तीसरा चार दिवसीय (20-23 नवंबर) मैच थेनी, तमिलनाडु में तमिलनाडु अंडर-19 टीम के विरुद्ध खेला गया। तीसरे दिन तमिलनाडु अंडर 19 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। तमिलनाडु ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 100 ओवरों में 10 विकेट खोकर 220 रन बनाये। तमिलनाडु की ओर से नवीन ने 83 रन तथा अक्षय ने 63 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से धनंजय नायक तथा अंकित कुमार सिंह ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ ने अपनी पहली पारी में 36.5 ओवरों में 10 विकेट खोकर मात्र 101 रन ही बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से प्रथम जाचक ने 39 रन तथा विकल्प तिवारी ने 29 रनों का योगदान दिया। वहीं तमिलनाडु की ओर से हेमचुडेशन ने 5 विकेट तथा प्रणव ने 3 विकेट प्राप्त कियें। तमिलनाडु ने अपनी दुसरी पारी में 60.5 ओवरों में 10 विकेट खोकर 224 रन बनाये। तमिलनाडु की ओर से किरण कार्तिकेयन ने 62 रन तथा प्रवीन ने 53 रन बनाये। वहीं छत्तीसगढ़ की ओर से धनंजय नायक ने 3 विकेट, विकल्प तिवारी एवं आदित्य श्रीवास्तव ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ की टीम अपनी दुसरी पारी में 39.2 ओवरों में 148 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। छत्तीसगढ़ की ओर से विकल्प तिवारी ने 71 रन तथा प्रथम जाचक ने 29 रन बनाये। विकल्प तिवारी ने 71 रन तथा प्रथम जाचक ने 27 रन बनाये। वहीं तमिलनाडु की ओर से हेमचुडेशन ने 5 विकेट तथा किशोर ने 3 विकेट प्राप्त कियें। तमिलनाडु ने मैच 195 रनों से जीत लिया।

### अखिल भारतीय विद्युत लॉन टेनिस आज से, ओलंपियन हाकी खिलाड़ी दानिश भी आये



**रायपुर।** 46वीं अखिल भारतीय विद्युत लॉन टेनिस स्पर्धा का आगाज 23 नवंबर को होगा। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज की केंद्रीय क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक समिति इसकी मेजबानी कर रहा है। इसमें विभिन्न प्रदेशों की विद्युत कंपनियों की नौ टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता में प्रख्यात हॉकी खिलाड़ी दानिश मुज्तबा यहां यूपी टीम के मैनेजर के तौर पर पहुंचे हैं। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष डॉ रोहित यादव 25 नवंबर को समापन समारोह में विजेताओं को पुरस्कार वितरित करेंगे। स्पर्धा का उद्घाटन समारोह कल 23 नवंबर को 11.30 बजे छछानपैरी स्थित एपीआईसीईएम टेनिस कोर्ट में होगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार होंगे तथा प्रबंध निदेशकगण राजेश कुमार शुक्ला एवं भीमसिंह कंवर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समापन समारोह 25 नवंबर को दोपहर 2.30 बजे होगा, जिसमें मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव होंगे। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में प्रबंध निदेशकगण राजेश कुमार शुक्ला एवं भीमसिंह कंवर उपस्थित रहेंगे। इस स्पर्धा में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ सहित आंध्रप्रदेश, असम, कर्नाटक, उत्तरप्रदेश, तमिलनाडू, केरल, कोलकाता, तेलंगाना राज्य से विद्युत कंपनियों की टीमें शामिल होंगी। उत्तरप्रदेश पावर कार्पोरेशन लिमिटेड में खेल अधिकारी के पद पर काम करते हुए दानिश मुजतबा को दो बार भारतीय ओलम्पिक हॉकी टीम में खेलने का मौका मिला। वे यूपी की टीम के मैनेजर बन कर आये है।

### अंडर-14 एलीट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट टुर्नामेंट का चैम्पियन बना रायपुर



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-14 एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रीक्ट मल्टी डे टुर्नामेंट 2024-25 में 8 टीम ने हिस्सा लिया। टुर्नामेंट में फायनल मैच प्लेट कंबाइंड एवं रायपुर के मध्य धमतरी में खेला गया। रायपुर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। प्लेट कंबाइंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 59.3 ओवरों में 10 विकेट खोकर 160 रन बनाये। प्लेट कंबाइंड की ओर से लवकेश यादव ने 44 रन तथा प्रेम परिपूर्ण तिवारी ने 36 रन बनाये। वहीं रायपुर की ओर से दिव्यांश राजपाल ने 6 विकेट तथा दिव्यांश सिंह ने 2 विकेट प्राप्त किये। रायपुर ने अपनी पहली पारी में 89.2 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 163 रन बनाये। रायपुर की ओर से अंशुमन ठाकुर ने सर्वाधिक 41 रन, यतार्थ तथा आर्यन ने 25-25 रन बनाये। वहीं प्लेट कंबाइंड की ओर से चंदप्रकाश ने 4 विकेट तथा अंकुश ने 2 विकेट प्राप्त किये। प्लेट कंबाइंड ने अपनी दुसरी पारी में 50 ओवरों में 10 विकेट खोकर 132 रन बनाये। प्लेट कंबाइंड की ओर से मनन देवांगन ने 63 रन बनाये। वहीं रायपुर की ओर से अजान आलम ने 4 विकेट, दिव्यांश राजपाल ने 3 विकेट तथा आर्यन ने 2 विकेट प्राप्त किये।

## हार्मोन असंतुलन के लक्षणों पर महिलाओं को जरूर देना चाहिए ध्यान

# हार्मोन का बिगड़ता संतुलन घातक साबित हो सकता है शरीर के लिए, रहें सावधान

महिलाओं के शरीर में हार्मोनल इंबैलेंस होने पर इसके कई लक्षण नजर आने लगते हैं। इन लक्षणों को अक्सर महिलाएं इग्नोर कर देती हैं। कई बार महिलाएं इन लक्षणों के पीछे का असली कारण नहीं समझ पाती हैं। जिसके चलते उनकी परेशानी और बढ़ जाती है। शरीर के कई फंक्शन्स पर हार्मोन्स के उतार-चढ़ाव का असर होता है। खासकर महिलाओं के लिए हार्मोन्स का बैलेंस होना जरूरी है। पीरियड्स का हैवी होना, पीएमएस में दिक्कत, नींद आने में मुश्किल और भी कई संकेत हैं, जो अलग-अलग हार्मोन के उतार-चढ़ाव की ओर इशारा करते हैं। चलिए आपको बताते हैं कि हार्मोनल इंबैलेंस के किन 4 लक्षणों पर महिलाओं को जरूर ध्यान देना चाहिए। इस बारे में डाइटिशियन मनप्रीत जानकारी दे रही हैं। मनप्रीत ने दिल्ली यूनिवर्सिटी से न्यूट्रिशन्स में मास्टर्स किया है। वह हार्मोन और गट हेल्थ कोच हैं।





### महिलाओं में हार्मोनल इंबैलेंस के लक्षण



अगर शरीर में एस्ट्रोजन का लेवल बढ़ा हुआ है, तो हैवी पीरियड्स, सिरदर्द, पीरियड्स में बहुत अधिक दर्द और कब्ज हो सकती है।यह हार्मोन महिलाओं के रिप्रोडक्टिव ऑर्गन से जुड़ा है और महिलाओं की हेल्थ के लिए इसका सही लेवल में होना बहुत जरूरी है। महिलाओं में इस सेक्स हार्मोन के कम या ज्यादा होने पर कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं। इसका लेवल कम होने पर रात को पसीना आना, डिप्रेशन, वजाइना का ड्राई होना और यौन इच्छा में कमी जैसे संकेत नजर आ सकते हैं।

प्रोजेस्टेरोन भी एक सेक्स हार्मोन है। इसकी कमी होने पर एंग्जायटी, पीएमएस में अधिक मुश्किल और पीरियड्स में स्पॉटिंग हो सकती है। इसकी कमी होने पर बहुत अधिक थकान, सिरदर्द और थकावट (थकान के कारण) जैसे लक्षण भी नजर आ सकते हैं। प्रोजेस्टेरोन हार्मोन कंसीव करने के लिए भी जरूरी होता है। हर महीने ओव्यूलेशन के बाद अंडाशय में यह हार्मोन उत्पन्न होता है।इसका लेवल बहुत अधिक बढ़ना भी सही नहीं है। इससे एक्ने, ऑयली स्किन, चेहर पर अनचाहे बाल और बाल झड़ने की समस्या हो सकती है। तनाव अधिक होने पर शरीर में कोर्टिसोल हार्मोन की मात्रा बढ़ने लगती है। इसके बढ़ने पर थकान, कमजोरी और ब्लड शुगर लेवल का बढ़ना जैसे लक्षण नजर आ सकते हैं।

# स्टील के पैन पर नहीं चिपकेगा खाना अगर करेंगे जरूरी उपाय

ज्यादातर घरों में पैन खाना चिपकने की वजह से खराब होने लगते हैं, मगर इन समस्याओं से निपटने के लिए बहुत छोटी-छोटी और आसान ट्रिक्स ही काफी हैं। अगर आपके साथ भी ऐसा कुछ हो रहा है तो ये ट्रिक्स आपके काम जरूर आएंगी।

### स्टील के पैन को नॉन स्टिक पैन में बदलें

यह आपको सुनने में थोड़ा अजीब लग



सकता है, लेकिन यह हम नहीं बल्कि मास्टर शेफ पंकज भदौरिया कह रही हैं। जी हां, अभी हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक बेहद आसान तरीका शेयर किया है, जिससे आपका स्टील पैन नॉन स्टिक पैन की तरह काम करेगा। इसके लिए स्टील के पैन को तेज गर्म करें। फिर पैन पर पानी के कुछ छींटें मार लें।

अगर छींटे मारने पर पानी की बूंदे मोतियों की तरह उछलती दिखें, तो इसका मतलब है कि आपका पैन तेज गर्म हो चुका है। इसके बाद, पैन में दो से तीन बूंद तेल की डालें और एक टिशू की मदद से पैन पर फैला लें। आपका स्टीन पैन नॉन स्टिक पैन बन कर तैयार है।

### सब्जी को पहले नमक के पानी में उबाल लें


आप सोच रहे होंगे कि सब्जी उबालने का पैन में खाना चिपकने से क्या मतलब? बता दें ताल्लुक है...पैन में खाना तब चिपकता है जब खाना बिल्कुल सूखा होता है। इसके लिए अगर ज्यादा तेल इस्तेमाल करेंगे, तो यह हेल्थ के लिए फायदेमंद नहीं होगा। ऐसे में बेहतर है कि सब्जी को पहले उबाल लिया जाए, ताकि गीलापन पैन में सब्जी को न चिपकने दें। इसलिए बेहतर होगा कि आप गंठल वाली सब्जी को नमक के पानी में उबाल लें और फिर पैन में तमाम मसाले डालकर पकने के लिए छोड़ दें। उबालकर पैन में सब्जी बनाने से न सिर्फ आपको टाइम बचेगा, बल्कि गैस भी कम खर्च होगी।

### पैन में खाना बनाते वक्त हल्की आंच का इस्तेमाल करें

पैन में खाना बनाते वक्त हमेशा हल्की आंच रखें। हल्की आंच रखने से न सिर्फ आपका खाना अच्छी तरह से बनेगा, बल्कि नीचे चिपकेगा भी नहीं। वहीं, अगर आप तेज आंच रखेंगी तो खाना ऊपर से तो पक जाएगा, लेकिन अंदर से कच्चा रहेगा। इसलिए हल्की आंच पर खाना बनाएं और कोशिश करें कि पैन को ऊपर से ढक दें। ऐसा करने से भाप बाहर नहीं आती और अंदर रहने की वजह से सब्जी जल्दी पक जाती है।

# अपने घर में इन पक्षियों की तस्वीरें लगाना हो सकता है शुभ, आजमाएं





वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में वास्तु दोषों से छुटकारा पाने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय करते हैं। अगर आप भी घर में सुख-शांति और आर्थिक स्थिति को ठीक करने के कुछ उपाय ढूंढ रही हैं, तो आप दो पक्षियों की तस्वीर अपने घर में लगा सकते हैं। आइए इस बारे में ज्योतिषाचार्य से विस्तार से जानते हैं।

घर को खूबसूरत बनाने के लिए कई लोग अपने कमरे में तरह-तरह के डेकोरेटिव आइटम लगाते हैं। फूलदान से लेकर सुंदर-सुंदर तस्वीरों तक दीवारों पर लगाते हैं। इससे कई बार घर में कलह-क्लेश या आर्थिक तंगी भी होती है, लेकिन लोग ये नहीं समझ पाते हैं कि इसके पीछे कारण क्या है। दरअसल, परेशानी के पीछे कई बार घर का वास्तु दोष भी होता है। आपको बता दें कि यह कोई नई बात नहीं है। वास्तु दोष और इससे होने वाली परेशानी कभी भी किसी के साथ भी हो सकती है। अगर आपके जीवन में भी इन दिनों आर्थिक परेशानी चल रही है, पैसे तो कमा रहे हैं लेकिन घर में टिक नहीं रहे हैं या बार-बार कर्ज लेना पड़ रहा है, तो आप आपको वास्तु शास्त्र में बताए गए कुछ तस्वीरों को अपने घरमें लगाना शुभ हो सकता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में किन पक्षियों की तस्वीर लगाना शुभ माना जाता है आइए इस लेख में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से जानते हैं।

### घर में लगाएं इन दो पक्षियों की तस्वीर

ज्योतिषाचार्य के अनुसार, अगर घर में आर्थिक समस्या चल रही है और लगातार कर्ज लेने की स्थिति बन रही है, तो यह वास्तु दोष के लक्षण हो सकते हैं। इससे बचने के लिए आप घर की दीवार पर मोर पंख और नीलकंठ इन दो पक्षियों की तस्वीर लगा सकते हैं। वास्तु शास्त्र में इन दोनों पक्षियों की फोटो घर में लगाना बेहद शुभ माना जाता है। मोर माता लक्ष्मी का प्रतीक माना जाता है। वहीं, नीलकंठ माता दुर्गा का प्रतीक है।



# खुश रहने के लिए अपनाएं ये तरीके, जीवन में आएगी बहार

क्या आप खुश रहते हैं? ये सवाल जितना आसान और छोटा है। इसका जवाब ही लोग उतना घुमाकर देते हैं। दरअसल, शायद ही कोई ऐसा हो जो इस जिंदगी में पूरी तरह खुश हो, क्योंकि कोई न कोई टेंशन उनको खुश नहीं रहने देती। कभी काम की टेंशन, कभी पार्टनर की टेंशन, कभी घर की समस्या या कभी अपनी किसी पर्सनल दिक्कत को लेकर परेशान रहते हैं और फिर खुश नहीं रह पाते। पर शायद आप ये नहीं जानते कि खुश रहना है या नहीं, ये सब आप पर ही निर्भर करता है। आप चाहें तो कुछ बातों का ध्यान रखकर और कुछ तरीकों को अपनाकर खुश रह सकते हैं। तो चलिए जानते हैं ये कौन से तरीके हैं, जिनसे आप खुश रह सकते हैं। अगली स्लाइड्स में आप इस बारे में जान सकते हैं... खुश रहने के लिए इन बातों का रख सकते हैं ध्यानः-

### नेगेटिव लोगों से रहें दूर

अगर आप खुश रहना चाहते हैं, तो सबसे पहले तो इस बात का ध्यान रखें कि ऐसे लोगों से दूर रहें जो गलत हैं बुरे हैं। दरअसल, जो लोग नेगेटिव होते हैं वो खुद तो खुश रहते नहीं और वो आपको भी नहीं रहने देते। इसलिए ऐसे लोगों के बीच रहें जो पॉजिटिव हों।

### अपनी पसंद को दें समय



हमेशा वो काम करें, जिसे करने में आपको खुशी मिलती है। कई लोग बिना खुशी के भी काम करते रहते हैं, लेकिन इसकी जगह आप वो कर सकते हैं जिससे आपको खुशी मिले। जैसे- अगर आपको पेंटिंग पसंद है, कुछ लिखना पसंद है आदि, तो आप ये काम कर सकते हैं। ऐसा करने से आप खुश रह सकते हैं।


### दोस्तों से बात करें

हर किसी के जीवन में कोई न कोई ऐसा दोस्त या ऐसा व्यक्ति होता है, जिसके पास बैठकर, जिससे बात करके उसे खुशी मिलती है। ऐसे में आप भी अपने उसी दोस्त के साथ समय बिता सकते हैं और खुद को खुश रखने की तरफ एक कदम बढ़ा सकते हैं।

### सकारात्मक माहौल बनाएं

कई चीजें ऐसी होती हैं जो हमें बेहद खुशी देती हैं। जैसे- कोई तस्वीर, कोई याद आदि। ऐसे में आप उस सकारात्मक याद को अपने आसपास रख सकते हैं। जैसे- अगर कोई तस्वीर है, तो ऑफिस की या घर की टेबल पर उसे लगा सकते हैं या आप अपने घर में कोई नया पौधा लगा सकते हैं आदि। इससे आपका और आसपास का माहौल खुशनुमा बना रहने में मदद मिल सकती है।





कार्नर न्यूज

## बच्चों के लिए ठंठ का मौसम होता है संवेदनशील, बरतें सावधानी

# ठंड में छोटे बच्चों के साथ कहीं घूमने का बना रहे हैं प्लान, तो ट्रिप प्लान करते समय ध्यान रखें कुछ बातें

अक्सर लोग बच्चों के साथ कहीं दूर घूमने निकलते हैं, तो उनकी जरूरी दवाइयां और एक छोटा फर्स्ट एड किट साथ में रखते हैं। लेकिन अगर आप यात्रा के दौरान कुछ बातों का ध्यान रखेंगे, तो आपके बच्चे बीमार ही नहीं होंगे।

ठंड में वायरस अधिक फैलते हैं, जिससे बच्चों को सर्दी-खांसी और फ्लू का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में बच्चों का शरीर ज्यादा ठंड सह नहीं पाता है, जिसकी वजह से वह बीमार पड़ जाते हैं। ऐसे में अगर आप कहीं बच्चों के साथ घूमने गए हैं और आपका बच्चा बीमार हो जाता है, तो ट्रिप खराब हो जाती है। क्योंकि पूरे ट्रिप में आपका ध्यान बच्चों की तबीयत की तरफ ही रहता है। इसलिए अगर आप बच्चों के साथ कहीं घूमने जा रहे हैं, तो आपको केवल 5 बातों का ध्यान रखना चाहिए। अगर घूमते हुए आप इन बातों का ध्यान रखते हैं, तो पूरा ट्रिप आराम से घूमकर पूरा क लेंगे।



### बच्चों के साथ घूमते हुए इन बातों का रखें ध्यान

अगर आपके साथ छोटे बच्चे हैं, तो सबसे पहले आपको बच्चों के कपड़ों पर ध्यान रखना चाहिए। आप उन्हें गर्म कपड़े पहना कर लेकर चलें, ताकि उन्हें ठंड से बचाया जा सके। बच्चों के लिए आप जूते एक्स्ट्रा लेकर जाएं, ताकि भीगने पर आप बदल सकें। आप ढीले जूते खरीदें, ताकि पैरों में 2 मोजे पहना सकें। बच्चों को सिर पर टोपी जरूर पहनाएं, ताकि उनके कानों पर ठंडी हवा न लगे।

अगर आप गाड़ी में सफर कर रहे हैं, तो बच्चों के चेहरे पर पतला कपड़ा ढक दें, इससे ठंडी हवा उनके गालों पर सीधी नहीं पड़ेगी। इन बच्चों के ट्रैवल टिप्स को फॉलो करते हैं, तो आप आराम से बिना किसी के बीमार हुए ट्रिप पूरा कर लेंगे। बच्चों के कपड़े अगर घूमने के दौरान गीले हो जाते हैं, तो फौरन बदल दें। अक्सर लोग सोचते हैं कि हल्के से कपड़े गीले हैं। हवा से सुख जाएंगे, लेकिन इससे उन्हें ठंड लग जाती है। बच्चों के हाथों में ग्लबस भी पहनाए, ताकि उनका शरीर गर्म रहे। इसके साथ ही बच्चों को गर्म खाना और गर्म पानी पिलाएं।

अगर आप बच्चों के साथ यात्रा करते समय इन बातों का ध्यान रखते हैं, तो वह यात्रा के दौरान बीमान नहीं पड़ेगे। ठंड में अक्सर बच्चों के साथ यात्रा करने से पहले लोगों को हजार बार सोचना पड़ता है। लेकिन अगर आप उन्हें ठंड लगने से रोक लेंगे, तो यह दवाई खाने की नौबत नहीं आएगी।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## द इक्वलाइजर का स्पिनऑफ लाने की तैयारी, दो नए किरदार मचाएंगे धमाल

सीबीएस की मशहूर सीरीज द इक्वलाइजर मौजूदा समय में एक स्पिनऑफ की तरफ बढ़ रही है। इस सीरीज में क्वीन लतीफा ने मुख्य भूमिका निभाई है।



उनके किरदार का नाम रॉबिन मैककॉल है। वह सीआईए की पूर्व सदस्य है और अपनी कुशलता का उपयोग उन लोगों के लिए करती है, जिसके पास कोई सहारा नहीं है। सूत्रों के मुताबिक इस सीरीज के 516वें एपिसोड में दो नए किरदारों से परिचय कराया जाएगा, जो आगे चलकर अपनी खुद की सीरीज का आधार बन सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस समय दो नए किरदारों के लिए कास्टिंग चल रही है। पहला किरदार एक युवा महिला को है जो मार्शल आर्टिस्ट, एक हथियार विशेषज्ञ और आपराधिक केस को सुलझाने में माहिर है। वह मैककॉल से मदद लेने के लिए संपर्क करती है और दूसरा, एक उम्रदराज पुरुष का किरदार है जो एक पूर्व सीआईए सदस्य होगा। ये दोनों किरदार मौजूदा सीरीज की अतिथि भूमिका में होंगे, लेकिन यदि स्पिनऑफ प्रोजेक्ट आगे बढ़ता है तो इन किरदारों पर नियमित सीरीज बनने की संभावना भी है। स्पिनऑफ पर काम अगर आगे बढ़ता है तो दो मुख्य पात्रों वाला यह शो साल 1985 की इक्वलाइजर सीरीज, वर्तमान सीबीएस रीबूट और साथ ही इस पर बनी फिल्मों से अलग होगा। मौजूदा समय में सीबीएस अपनी स्पिनऑफ योजना में एक अधिक अनौपचारिक दृष्टिकोण अपना रहा है, जिसमें मुख्य शो की नियमित कड़ियों में ही संभावित स्पिनऑफ पात्रों को पेश किया जा रहा है।

### टॉलीवुड

## चेन्नई के छात्र ने 'अमरण' के निर्माताओं पर किया केस, जानें क्यों मांगा 1.1 करोड़

चेन्नई के एक इंजीनियरिंग छात्र वीवी वागीसन ने तमिल फिल्म 'अमरण' के निर्माताओं को कानूनी नोटिस जारी किया है। उन्होंने फिल्म में उनके निजी मोबाइल नंबर



के उपयोग के कारण हुई परेशानी के लिए मुआवजे के रूप में 1.1 करोड़ रुपये की मांग की गई है। 31 अक्तूबर, 2024 को रिलीज हुई शिवकार्तिकेयन और साई पल्लवी स्टारर इस फिल्म के एक सीन में छात्र का नंबर दिखाए जाने के बाद हंगामा शुरू हो गया, जिसके बाद कई प्रशंसकों ने इसे साईं पल्लवी का नंबर समझकर कॉल करना शुरू कर दिया।

यह घटना तब हुई जब वागीसन अपने परिवार के साथ दीवाली मना रहे थे। अचानक से उनके फोन पर अननोन नंबर से कई कॉल आने लगीं। फोन को लगातार बजता देखकर पहले तो वह भ्रमित हुए। उन्होंने कॉल म्यूट कर दी, लेकिन अगले दिन रुकावटें बढ़ गईं। वॉइस मैसेजेस को सुनने के बाद उन्हें पता चला कि उनका नंबर फिल्म 'अमरण' के एक मुख्य सीन में दिखाया गया था। फिल्म में फोन नंबर देखकर दर्शक यह मानने लगे कि यह साई पल्लवी का नंबर है। फिर क्या था लोगों ने नंबर पर बैक टू बैक कॉल करनी शुरू कर दी। इसके कारण वागीसन की दिनचर्या गंभीर रूप से बाधित होने लगी। छात्र ने साझा किया, 'मैं बिना किसी बाधा के सो नहीं सकता, पढ़ाई नहीं कर सकता या यहां तक कि कैब बुक करने जैसी आवश्यक सेवाओं का उपयोग भी नहीं कर सकता।' वागीसन ने शुरुआत में फिल्म के निर्देशक राजकुमार पेरियासामी और मुख्य अभिनेता शिवकार्तिकेयन को सोशल मीडिया पर टैग किया और उनसे मदद मांगी। हालांकि, फिल्म निर्माताओं की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर, उन्होंने कानूनी कार्रवाई करने का फैसला किया। अपने वकील के माध्यम से, वागीसन ने मांग की कि उनका फोन नंबर फिल्म से हटा दिया जाए।

### भोजपुरी

## खेसारी संग वर्कआउट का वीडियो ट्रोल हो गई अभिनेत्री आकांक्षा

खेसारी लाल यादव और अभिनेत्री आकांक्षा पुरी एक वीडियो के कारण ट्रोलिंग का शिकार हो गए। आकांक्षा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वर्कआउट वीडियो साझा



किया, जिसमें खेसारी भी नजर आए। वर्कआउट ऐसा था कि सोशल मीडिया यूजर्स ने दोनों को ट्रोल कर दिया।

अभी कुछ दिनों पहले ही खेसारी लाल यादव और आकांक्षा पुरी का एक भोजपुरी गाना 'लटक जईब' रिलीज हुआ। इस गाने को भोजपुरी गीतों के श्रोताओं ने काफी पसंद किया। इसी गाने पर यह दोनों कलाकार एक वर्कआउट सेशन करते हुए साथ में नजर भी आए। लेकिन वीडियो में वर्कआउट कुछ अटपटा किस्म का नजर आया। यह वर्कआउट तो खेसारी और आकांक्षा के फैंस को भी नहीं भाया। फैंस ने उन्हें ऐसा वीडियो सोशल मीडिया पर साझा ना करने की सलाह तक दे डाली। वर्कआउट का वीडियो आकांक्षा पुरी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से साझा किया। इस वीडियो में वर्कआउट के नाम पर खेसारी और आकांक्षा की नजदीकियां ज्यादा नजर आ रही हैं। पहले खेसारी एक एक्सरसाइज करने के लिए जिम मशीन पर लटक जाते हैं, अचानक आकांक्षा भी उनके साथ इस मशीन पर लटक जाती हैं। इस वीडियो पर इन दोनों का हिट गाना 'लटक जईब' भी बैकग्राउंड में सुनाई देता है। इस वीडियो के साथ आकांक्षा ने एक कैप्शन भी लिखा है-'हमारे स्टाइल का लटक जाईब।'

पुरुषों का जलवा

लाइफ स्टाइल



फैशन की दुनिया में सिर्फ महिलाएं अपना वर्चस्व रखती हैं, ऐसा नहीं है। आज पुरुषों का फैशन वीक भी सुर्खियां बटोरता है। इस साल जून की शुरुआत में लंदन और फ्लोरेंस में मेंस फैशन वीक के सफल शो हो चुके हैं। अब जल्द ही पेरिस में शो होना है। इन शो को दर्शक बेहद पसंद कर रहे हैं

## दांतों को सफेद और चमकदार बना देंगे घरेलु उपाय, आप भी आजमाइए

दांत सिर्फ खाना चबाने के काम नहीं करते बल्कि आपके चेहरे की सुंदरता को भी बढ़ाते हैं। दांतों की बनावट या रंग में किसी भी तरह का बदलाव आपकी सूरत को बिगाड़ सकता है। सफेद और मोती जैसे चमकने वाले दांत भला किसे पसंद नहीं हैं। कई बार खाने-पीने की गलत आदतों की वजह से दांतों पर पीली परत जम जाती है जिसे टार्टर या प्लेक कहा जाता है।

टार्टर खाने-पीने की चीजों से बनी एक पीली परत होती है, जो धीरे-धीरे दांतों पर चिपक जाती है। यह मसूड़ों की जड़ में पहुंचकर उन्हें खोखला कर सकती है। इससे आपके दांत पीले हो जाते हैं, साथ ही यह मुंह से बदबू आने, मसूड़ों में खून आना, दांतों के कमजोर होने, पायरिया और दर्द जैसी समस्याओं का कारण बनता है।

पीले दांतों को सफेद कैसे करें? कई बार देखा गया है कि रोजाना ब्रश करने और महंगे टूथपेस्ट यूज करने के बाद भी बहुत से लोगों के दांत पीले ही रहते हैं। अगर आप भी इस समस्या से जूझ रहे हैं, तो आपको दिन में दो बार ब्रश करने के अलावा नीचे बताए घरेलू उपाय भी आजमाने चाहिए। एनसीबीआई पर छपे एक अध्ययन के अनुसार, बेकिंग सोडा दांतों की सतह से दाग हटाने में मदद करता है जबकि हाइड्रोजन पेरोक्साइड एक नैचुरल ब्लीचिंग एजेंट है जो बैक्टीरिया को मारने में मदद करता है। एक बड़ा चम्मच बेकिंग सोडा और दो बड़े चम्मच हाइड्रोजन पेरोक्साइड लें। दोनों को अच्छी तरह मिक्स कर लें। अपने दांतों को नियमित रूप से ब्रश करने के लिए इस पेस्ट का प्रयोग




करें। ऑयल पुलिंग भारत में दांतों को सफेद किया जाने वाला एक पारंपरिक उपाय है। इससे पूरे मुंह की तकलीफ दूर होती है। ऑयल पुलिंग करने के लिए आपको अपने मुंह में तेल लेकर चारों तरफ घुमाना है। इसके लिए सूरजमुखी तेल, तिल का तेल नारियल तेल का इस्तेमाल करें। ऑयल पुलिंग करने के लिए तेल का एक बड़ा चम्मच लें और इसे अपने मुंह में 15 से 20 मिनट के लिए घुमाएं। एक केला, संतरा या नींबू का छिलका लें और इसे धीरे-धीरे अपने दांतों पर रगड़ें। करीब 2 मिनट तक इसे मलते रहें, फिर अच्छी तरह से अपना मुंह धो लें और अपने दांतों को ब्रश कर लें।

## साड़ी से लेकर शरारा तक काम आएंगे ब्लाउज के खास डिजाइंस



फैशन

लुक को आकर्षक बनाने के लिए आपको आउटफिट के डिटेलिंग के हिसाब से आपको चीजों को स्टाइल करना चाहिए। इसके लिए आप लेटेस्ट फैशन ट्रेंड को फॉलो करें।साड़ी से लेकर लहंगे तक के साथ तरह-तरह के डिजाइन के ब्लाउज को पहना जाता है। वहीं फैशन इंडस्ट्री रोजाना कोई न कोई नया डिजाइन लेकर मार्केट में आ रही है। इसके चलते आजकल सेलिब्रिटीज के डिजाइनर लुक्स को देखकर हम काफी प्रभावित हो जाते हैं और इन्हीं की तरह बोल्ड लुक को स्टाइल करना चाहते हैं।



अपने लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए आप ब्लाउज को स्टाइल लुक के हिसाब से करें। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं ब्लाउज के कुछ बोल्ड डिजाइंस जिन्हें आप साड़ी, शरारा या लहंगे तक के साथ सिले कर सकती हैं।

### टर्टल नेक डिजाइन ब्लाउज

देखने में टर्टल नेकलाइन काफी क्लासी लुक देने में सहायता करती है। वहीं इस तरह के ब्लाउज के साथ आप बॉर्डर वर्क साड़ी से लेकर हैवी शरारा तक को स्टाइल कर सकती हैं। वहीं अगर आप ब्लाउज की जगह पर टर्टल नेक टॉप को पहन रही हैं तो इसके लिए आप मॉडर्न लुक वाली प्लेन स्कर्ट को भी पहन सकती हैं।

### हॉल्टर नेक डिजाइन ब्लाउज

स्लीवलेस लुक स्टाइल करना चाहती हैं तो इस तरह से लेस वर्क वाली स्ट्रिप्स ब्लाउज पर लगवा सकती हैं। इसके लिए आप हॉल्टर या सिंपल स्टाइल में स्ट्रिप्स को लगवा सकती हैं। अगर आपकी ब्रेस्ट साइज हैवी है तो आप स्ट्रिप्स के लिए चौड़े पट्टे को बनवाएं। साथ ही इस तरह के ब्लाउज के साथ आप बालों के लिए स्लीक हेयर स्टाइल को चुनें और मिनिमल ज्वेलरी लुक स्टाइल करें।

### ब्रालेट डिजाइन ब्लाउज

अगर आप एक्स्ट्रा बोल्ड लुक को कैरी करना चाहती हैं तो इस तरह के स्टाइलिश ब्लाउज को चुन सकती हैं। इस तरह का ब्लाउज आप साटन से लेकर सीक्वेन साड़ी डिजाइन की साड़ी के साथ पहन सकती हैं। अगर आप इस तरह का ब्लाउज कस्टमाइज करवा रही

## इस मॉइश्चराइजिंग क्रीम से बच्चों जैसे मुलायम होंगे हाथ

रूखे हाथ किसे अच्छे लगेंगे? हम आपको आपके हाथों को मुलायम बनाने के टिप्स बता सकते हैं। घर पर एक ऐसी क्रीम बनाएं, जो चंद दिनों में हाथों की त्वचा को सुंदर और सॉफ्ट दिखाने में मदद करेगी। क्या सर्द हवाओं की मार आपकी त्वचा को भी प्रभावित कर रही है? रूखी त्वचा की शिकायत अगर आपको भी ज्यादा रहती है, तो फिर अपने स्किन केयर रूटीन में एक अच्छी मॉइश्चराइजिंग क्रीम शामिल जरूर करें। एक अच्छी हैंड क्रीम आपकी त्वचा को आवश्यक पोषण प्रदान करेगी और त्वचा को अंदर तक नरिश कर मुलायम बनाएगी।

काम कर-करके खराब हुए हाथों के लिए आप घर पर ही एक बेहतरीन मॉइश्चराइजिंग क्रीम तैयार कर सकते हैं। फटे हुए हाथ और नकल्स में पड़े निशानों के लिए भी यह क्रीम अच्छी साबित हो सकती है। इसके लिए आपको बॉडी बटर का इस्तेमाल करना है। बॉडी बटर शरीर को जरूर पोषक तत्व पहुंचाते हैं और लंबे समय तक आपकी स्किन को हाइड्रेट और नरिश करते हैं। इस क्रीम को बनाना आसान है और आप इसे लंबे समय तक



स्टोर करके भी रख सकती हैं।

### मॉइश्चराइजिंग क्रीम बनाने का तरीका-

एक कटोरे में विटामिन-ई ऑयल और एसेंशियल ऑयल छोड़कर सारी सामग्री को एक-एक करके डालें और पहले मिला लें। अब हैंड मिक्सर की मदद से मिश्रण को अच्छी तरह से मिलाएं। इसके बाद इसमें एसेंशियल ऑयल और विटामिन-ई ऑयल डालकर फिर 1 मिनट तक बीट करके क्रीम तैयार कर लें। इस क्रीम को कुछ देर के लिए फ्रिज में रख लें।

आप इस क्रीम को सुबह नहाने के बाद लगा सकते हैं, लेकिन अच्छा रहेगा कि आप इसे रात को सोने से पहले लगाएं।


## स्किन केयर रूटीन से आप पा सकती हैं अरेबियन महिलाओं जैसी मखमली त्वचा

अरेबियन महिलाओं की फ्लॉलेस त्वचा देखकर हमारा भी मन उनकी तरह दिखने का होने लगता है। हालांकि, आपको बाय बर्थ जो रंग और स्किन टेक्श्चर मिला है, उसे आप पूरी तरह से बदल नहीं सकती हैं मगर आप अरेबियन स्किन केयर रूटीन से अपनी त्वचा को निखार एवं संवार सकती हैं।

इस बारे में हमने ब्यूटी एक्सपर्ट पूनम चुघ से बात की है। वह हमें कुछ ऐसी ही होम रेमेडीज बताने जा रही हैं, जो अरेबियन महिलाओं के स्किन केयर रूटीन का हिस्सा है और भारत में भी आप उन्हें आसानी से अपना सकती हैं।

**हम्माम बाथ :** हम्माम बाथ स्टीम और सोहना बाथ की तरह ही होती है। स्नान करने का यह टर्किश तरीका है। वैसे पहले के समय में तो कई सारी औरतें मिल कर स्टीम बाथ लेती थीं। आज के समय में यह संभव नहीं है। मगर स्टीम बाथ त्वचा के लिए बहुत ही फायदेमंद होती है। इससे त्वचा पर चढ़ी डेड स्किन की परत रिमूव हो जाती है। स्किन पोर्स ओपन हो जाते हैं और उनमें फंसी गंदगी भी साफ हो जाती है।

इतना ही नहीं, स्टीम बाथ लेने से त्वचा में ब्लड



सर्कुलेशन अच्छा हो जाता है, जिससे त्वचा में ग्लो आता है और रंग भी निखर जाता है। हम्माम बाथ रोजाना लेना आसान नहीं होगा, मगर आप हफ्ते में 1 बार यदि इस तरह से नहाती हैं तो आपकी त्वचा को बहुत लाभ मिलेगा। जाहिर है कि आपका वॉशरूम स्टीम बाथ के हिसाब से नहीं बना होगा, इसलिए आप इसके स्थान पर हॉट टॉवल बाथ ले सकती हैं।

कार्नर न्यूज

फैशन-स्टाइल के मामले में छोड़नी होगी झिझक

## फैशन के मामले में संकोच न करें नौजवान ट्रेंड के हिसाब से ऐसे करें खुद को तैयार

यह सच है कि लड़कों को कुछ बातों को लेकर झिझक और शर्म आती है। इस वजह से वह अपना आत्मविश्वास खोते हैं। जबकि हमें उन बातों को लेकर शर्म करने की आवश्यकता नहीं है। इस तरह की चीजों का सामना अधिकतर लड़के या पुरुष करते हैं। उनको फैशन-स्टाइल की कुछ बातों को लेकर शर्म महसूस होती है। वहीं जो लोग इससे आगे निकल जाते हैं उनको किसी तरह की दिक्कत नहीं होती। इसलिए हम चाहते हैं कि आप भी उन बातों को छोड़कर आगे निकलें। चलिए हम उन बातों को जान लेते हैं। आखिर हमें फैशन की किन बातों को लेकर शर्माना नहीं चाहिए-

### पुराने कपड़े पहनने में

पुराने कपड़े पहनने को लेकर कई लड़के शर्म करते हैं। जबकि इसमें शर्माने वाली कोई बात नहीं है। अगर आप हर माह या हर सीजन के लिए नए ड्रेस खरीदने में सक्षम हैं तो कोई बात नहीं। मगर ये हर किसी के लिए संभव नहीं है।

इसलिए अगर आपके पास पुराने ड्रेस हैं तो पहनने में शर्माए



नहीं। कई बार जैसे कपड़े धुले न हो, आयरन किए न हों, सूख न पाए हों तो ऐसे में पुराने कपड़े को पहनकर हम बाहर निकलने से हिचकिचाते हैं। जबकि, उनको पहनने में शर्म महसूस करने की जरूरत नहीं।

हम तो ये कहेंगे कि आप उन कपड़ों को भी अच्छी तरह कैरी कर के जाएं। आपके आत्मविश्वास के आगे लोगों की नजर कपड़े पर अधिक देर तक टिक नहीं पाएगी।

### न्यू लुक ट्राय करने में

नया भला किसे पसंद नहीं है। नए ड्रेस से लेकर बाइक, लैपटॉप, मोबाइल सब कुछ न्यू पसंद है। लेकिन न्यू लुक ट्राय करने के मामले में लड़के पीछे रह जाते हैं। जबकि वहीं पर लड़कियां हमेशा नए लुक के साथ



आगे निकल जाती हैं। हमें ऐसी कई बातें लड़कियों के फैशन से सीखनी चाहिए।

अगर नया लुक या नए स्टाइल की ड्रेस आ रही है तो उसको एक बार ट्राय करना चाहिए। इससे आप खुद को फैशन के मामले में आगे रख सकते हैं। खासकर अगर आप फैशन या ग्लैमरस दुनिया में करियर बनाने की सोच रहे हैं तो ऐसा जरूर करें।

जैसे- हम हमेशा से एक ही प्रकार की स्लीव वाली शर्ट पहनते आ रहे हैं। मगर अब कुछ नई स्टाइल की स्लीव वाली शर्ट आई हैं। अगर आप उस तरह की शर्ट को भी चाहें तो ट्राय करें। इस तरह की फैशन भी आपको पहचान दिलाने में मदद कर सकती है। खुद ही सोचिए कि इसमें शर्माने वाली बात क्या है।

क्या मेकअप लड़के करते हैं? क्या लड़कों को मेकअप करना चाहिए? आप मेकअप को लेकर ऐसे सवालों का जवाब सोच रहे होंगे। इसका एक ही जवाब है, हां, बिल्कुल कर सकते हैं। मेकअप केवल लड़कियों के लिए नहीं है। हम लड़के भी मेकअप कर सकते हैं।

काजल, बीबी क्रीम लगाने से लेकर आईब्रो बनाने तक, हमें भी इन चीजों को करना चाहिए।